Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 229 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शनिवार 01 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



यश त्याग से मिलता है, धोखाधड़ी से नहीं।

One can get fame from abatement, not from cheating.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्रिपरिषद की बैठक 02 मार्च को

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में रविवार 02 मार्च को अपरान्ह 3.00 बजे से मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित होगी।

### 4 से 12 के मध्य होगा उपसरपंच, जपं के अध्यक्ष व उपाध्यक्षों का चुनाव

**रायपुर (विसं)।** पंचायत संचालनालय ने छत्तीसगढ़ के समस्त जिलाधीशों को ग्राम पंचायत के उपसरपंच, जनपद, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव 4 मार्च से 12 मार्च के मध्य कराने पत्र प्रेषित किया है।

### मुख्यमंत्री साय ने दसवीं और बारहवीं के बोर्ड परीक्षार्थियों को दी शुभकामनाएं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आगामी दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केवल ज्ञान और परिश्रम की परख ही नहीं, बल्कि संयम और आत्मविश्वास की भी परीक्षा होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे तनावमुक्त और सकारात्मक मानसिकता के साथ परीक्षा दें, क्योंकि आत्मविश्वास और सतत अभ्यास ही सफलता की कुंजी हैं। स्वस्थ दिनचर्या, संतुलित आहार और पर्याप्त विश्राम परीक्षा की तैयारी में उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने कि पढ़ाई के घंटे।




## सदन के गर्भगृह में नारेबाजी, डॉ. महंत के साथ 20 सदस्य सस्पेंड



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की जासूसी का आरोप लगाकर कांग्रेसी विधायक नारेबाजी करते हुए गर्भ गृह तक पहुंच गए। सदन में नारे लगाए गए कि ईडी से डराना बंद करो जिसके बाद स्पीकर ने महंत सहित 20 कांग्रेसी विधायकों को सस्पेंड कर दिया। हालांकि 5 मिनट बाद ये सस्पेंशन खत्म कर दिया गया।

दरअसल बीती रात रायपुर में दंतेवाड़ा पुलिस के कुछ कर्मचारी और अधिकारियों को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पकड़ा है। इसे लेकर पूर्व सीएम भूपेश ने सोशल मीडिया पर दावा किया है, कि सरकार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की जासूसी करवा रही है। पुलिसकर्मी उनके बंगले के बाहर रेकी करते मिले। घटना को लेकर विपक्ष के सदस्य सीट से उठकर नारेबाजी कर रहे थे। इससे पहले डॉक्ट रमन सिंह ने प्रश्नकाल चलाने की कोशिश करते रहे। उन्होंने लता उसेंडी को सवाल करने कहा, लता उसेंडी ने स्वास्थ्य मंत्री से मेडिकल सप्लाई को लेकर सवाल किया। इस बीच डॉ रमन सिंह की मेज के करीब आकर कांग्रेसी विधायक नारा लगाते रहे। भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म X पर पोस्ट कर लिखा है कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को कौन सा डर सता रहा है कि विपक्ष के नेताओं की जासूसी करवा रही है ?रायपुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के घर जासूसी करते हुए एक पुलिस अधिकारी को पकड़ा गया है। यह लोकतंत्र के प्रति भाजपा के अविश्वास का एक और उदाहरण है।

**पीसीसी प्रमुख की रेकी और ईडी की पूछताछ पर सदन में पक्ष-विपक्ष में मचा घमासान :** छत्तीसगढ़ विधानसभा में शुक्रवार को सदन की कार्रवाई शुरू होते ही जोरदार हंगामा देखने को मिला। कांग्रेस विधायकों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की रेकी और पार्टी महामंत्री से ईडी की पूछताछ को लेकर तत्काल चर्चा की मांग की। जैसे ही कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने यह मुद्दा उठाया, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रश्नकाल के बाद चर्चा का आश्वासन दिया। लेकिन कांग्रेस विधायक इसी समय इस पर बहस की मांग करने लगे और सदन में नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा विधायकों ने इसका विरोध करते हुए जवाबी नारेबाजी की, जिससे सदन में हंगामे का माहौल बन गया। हंगामे को देखते हुए अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी। कांग्रेस का आरोप है कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की रेकी की गई और पार्टी के एक महामंत्री से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ की है, जो राजनीतिक द्वेष का परिणाम है। कांग्रेस इस पर चर्चा कर सरकार से जवाब मांग रही थी। वहीं, भाजपा ने इस मांग को अनुचित बताते हुए इसका विरोध किया। सदन में यह मुद्दा फिर से उठने की संभावना है, क्योंकि कांग्रेस ने सरकार से इस पर विस्तृत जवाब की मांग की है।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश किया



छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया. वित्त मंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में उत्साहजनक आर्थिक प्रगति नजर आ रही है. राष्ट्रीय औसत से कहीं ज्यादा प्रदेश की त्रस्ष्छ्क में ग्रोथ हुआ है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि त्रस्ष्छ्क 2023- 24 में 3,06,712 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 3,29,752 करोड़ होना संभावित है, यह गत वर्ष की तुलना में 7.51 प्रतिशत की वृद्धि है. इसमें कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र, सेवा क्षेत्र में योगदान अधिक है. कैपिटल इनकम में भी वृद्धि हो रही है. वित्त मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय में 9.37 प्रतिशत की दर से वृद्धि है, जबकि देश में प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर 8.66 प्रतिशत है. इस तरह से राष्ट्रीय औसत की तुलना में प्रदेश में वृद्धि दर कहीं ज्यादा है.


## पुरी में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने 9वें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन समिट का किया उद्घाटन



**ओडिशा (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आज ओडिशा के पुरी में 9वें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन समिट का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर में सफल स्वास्थ्य पहलों और नवाचारों को प्रस्तुत करना है।

कार्यक्रम के दौरान जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की सराहना करते हुए कहा कि इस मिशन ने बेहतरीन प्रगति की है। उन्होंने ओडिशा में मातृ मृत्यु दर (MMR) में आई गिरावट की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने बहुत अच्छा काम किया है। हमारी प्रगति काफी प्रभावशाली रही है।

## भारत-ईयू साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल की यात्रा : मोदी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष और कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की भारत यात्रा को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि यह यात्रा भारत-यूरोपीय संघ की बहुआयामी साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में हैदराबाद हाउस में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, यह न केवल यूरोपीय आयोग की भारत की पहली यात्रा है, बल्कि यह किसी एक देश में यूरोपीय आयोग की पहली व्यापक भागीदारी भी है। इसके अलावा, यह आयोग की अपने नए कार्यकाल की पहली यात्राओं में से एक है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष, ईयू कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स के साथ, प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर दो दिवसीय भारत यात्रा पर गुरुवार दोपहर नई दिल्ली पहुंची थी। यह ईयू कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की पहली भारत यात्रा है। साथ ही दिसंबर 2024 में कार्यभार संभालने वाले नए कमिश्नर्स की यूरोप के बाहर पहली यात्रा है। पीएम मोदी ने कहा, निवेश संरक्षण और जीआई (भौगोलिक संकेत) समझौते सहित निवेश ढांचे को मजबूत करने पर चर्चा हुई। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में एक विश्वसनीय और मजबूत निवेश ढांचे पर जोर दिया। हमारी साझा प्रतिबद्धता में सेमीकंडक्टर, एआई और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग सहयोग शामिल है। दोनों पक्षों के बीच भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) पर भी व्यापक चर्चा हुई।

## सीएम विष्णुदेव साय ने बगिया में अन्वेषण कार्यक्रम का किया अवलोकन



**जशपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रदेश के युवा विघार्थियों को शिक्षक एवं विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए सशक्त बनाने का संदेश दिया। उन्होंने अन्वेषण कार्यक्रम का अवलोकन किया।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित अन्वेषण कार्यक्रम के तहत अमेच्योर राकेटरी वर्कशॉप, स्टारगेजिंग, अंतरिक्ष ज्ञान अभियान, विघार्थियों के लिए एआई क्लब और प्रशिक्षण,स्पेश आन व्हील्स, कम्प्यूटर शिक्षकों हेतु एआई वर्कशॉप,3 डी प्लानेटोरियम शो आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर नव निर्वाचित जनप्रनिधिगण, जनसंपर्क आयुक्त डॉ. रवि मित्तल कलेक्टर रोहित व्यास एस एस पी शशि मोहन सिंह और आम नागरिक उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त होने पर अधिकारियों को दी गई विदाई

### पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने की सेवा की सराहना



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुलिस विभाग में लंबी सेवा के बाद दिनांक 28.02.25 को सेवानिवृत्त हुए 01 उपनिरीक्षक एवं 01 प्रधान आरक्षक को विदाई दी गई। इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम श्री डी.आर.पोर्ते, नगर पुलिस अधीक्षक उरला पूर्णिमा लामा, उप पुलिस अधीक्षक लाईन श्री निलेश द्विवेदी, रक्षित निरीक्षक श्री अनीश सारथी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा उनकी सेवा की सराहना करते हुए उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दिये।

सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में उप निरीक्षक श्री आदोराम एवं प्रधान आरक्षक श्री नेतराम सिन्हा शामिल हैं।

उपनिरीक्षक श्री आदोराम वर्ष 1984 में आरक्षक के पद पर जिला-राजनांदगांव में भर्ती होकर थाना-धमधा, अमलेश्वर, पाटन, कोतवाली, जिला-रायपुर आंरग में सेवा देते हुए दिनांक 28 फरवरी 2025 को सेवानिवृत्त हुए इस दौरान आप पूरे सेवा काल में तीन पदोन्नती प्राप्त कर 41 वर्ष का सफर तय किया जो अत्यंत सराहनीय है।

प्रधान आरक्षक श्री नेतराम सिन्हा वर्ष 1988 में आरक्षक के पद पर जिला-रायपुर में भर्ती होकर थाना-यातायात, सिविल लाईन, क्राईम बांच, अनुसंधान सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सेवा देते हुए दिनांक 28.02.2025 को सेवानिवृत्त हुए इस दौरान आप पूरे सेवा काल में एक पदोन्नती प्राप्त कर 37 वर्ष की सफर तय किया जो अत्यंत सराहनीय है।

## नवनिर्वाचित महापौर व पार्षदगण आज लेंगे शपथ, निगम में समारोह की जोरदार तैयारी

**दुर्ग (आरएनएस)।** दुर्ग की नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार व 60 वार्ड के पार्षदगण कल 1 मार्च को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करेंगे। नगर निगम मुख्यालय परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के लिए सुबह 10.30 बजे का समय निर्धारित किया गया है। समारोह को लेकर जोरदार तैयारियां की गई है। भव्य मंच बनाए गए है, वहीं अतिथियों समेत हजारों लोगों के बैठने के लिए पंडाल लगाए गए है। इसके अलावा निगम परिसर स्थित महापौर कक्ष में विशेष रंग-रोगन किया गया है। साथ ही सिविल लाईन स्थित महापौर का सरकारी बंगला सज धजकर तैयार हो गया है। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे। अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व सांसद व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, साजा विधायक ईश्वर साहू, छग राज्य हाउसिंग बोर्ड के पूर्व चेयरमेन भूपेंद्र सवन्नी, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा मौजूद रहेंगे। समारोह में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा निगम की नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती अलका बाघमार सहित 60 निर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाई जाएगी।

## पट्टाचार्य आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के हस्त कमलो से मुम्बई में भव्य जैनेश्वरी दीक्षा महामहोत्सव 2 मार्च को






**महाराष्ट्र (विश्व परिवार)।** मुम्बई महाराष्ट्र में पट्टाचार्य आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी द्वारा रविवार 2 मार्च 2025 को सिरसाड मुंबई महाराष्ट्र में भव्य जैनेश्वरी दीक्षा महामहोत्स संपन्न होने जा रहा है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी ससंघ 24 मुनीराजों का संसघ शुक्रवार 28/02/25 को सुबह भव्य मंगल प्रवेश जिनबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव ओर दीक्षा स्थली सिरसाड़ मुम्बई में भव्य मंगल प्रवेश होगा।

परम पूज्य पट्टाचार्य चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्धसागर महाराज संसघ के मंगलमय सानिध्य में 151 वा जिनबिम्ब पंचकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव सिरसाड, मुंबई (महाराष्ट्र) में शुक्रवार 28 फरवरी से 05 मार्च 2025 तक संपन्न होगी। एवं भव्य जैनेश्वरी दीक्षा सिरसाड़ मुंबई में 2 मार्च 2025 दोपहर 1 बजे से पांच ब्रह्मचारी भाइयों की प्रारंभ होगी।

### दीक्षार्थी भैया-

(1) बा. ब्र. अंकुर भैया जी नागौर (राजस्थान)। (2) बा. ब्र. मयंक भैया जी गोंदिया (महाराष्ट्र)। (3) ब्र. गणेशी लाल जी गुनौर (मध्य प्रदेश)। (4) ब्र. यशवंत भैया जी रामगढ़ (राजस्थान)। (5) ब्र. अनिल भैया जी गुवाहाटी आसम। समाधीस्त गणाचार्य विरागसागर जी महाराज के शिष्य, अध्यात्मयोगी, श्रमण दिगंबराचार्य, शताब्दी देशना चार्य, चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महामुनिराज के कर कमलों से पांच मुनि दीक्षाये प्रदान की जाएगी।

आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज ने अभी तक 1,25,000 कि.मी. पैदल पद विहार कर चुके हैं। आचार्यश्री ने 250 ग्रंथों की रचना और 5000 नितीकाव्य का लेखन किया हैं द्य आचार्यश्री के सानिध्य में 150 पंचकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव सानंद संपन्न हो चुकें हैं। ये महानगरी मुम्बई का 151/वा जिनबिम्ब बिम्ब पंचकल्याणक महामहोत्सव सम्पन्न होने जा रहा है।

## एनआईटी रायपुर ने आयोजित किया 15वां दीक्षांत समारोह, श्रेयांश गौर रहे ओवरआल टॉपर

**मुख्य अतिथि किर्लोस्कर ब्रदर्स के चेयरमैन एवं एमडी संजय किर्लोस्कर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में इसरो के पूर्व चेयरमैन डॉ. एस. सोमनाथ रहे मौजूद**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर ने 28 फरवरी 2025 शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में अपना 15वां दीक्षांत समारोह मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किर्लोस्कर ब्रदर्स के चेयरमैन एवं एमडी श्री संजय किर्लोस्कर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में इसरो के पूर्व चेयरमैन डॉ. एस. सोमनाथ की उपस्थिति ने समारोह को गरिमामय बना दिया।

इस समारोह की अध्यक्षता संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन डॉ. सुरेश हावरे ने की तथा इसमें एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एन.वी. रमना राव, सीनेट सदस्य; बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) के सदस्य, रजिस्ट्रार; डीन, संकाय एवं स्टाफ सदस्य तथा डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की परंपरा को कायम रखते हुए कुल 1,319 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। इसमें बी.टेक और बी.आर्क प्रोग्राम के 1,055 छात्र, एमसीए, एमएससी और एम.टेक प्रोग्राम के 229 छात्र और 35 पीएचडी उम्मीदवार शामिल हैं। छात्रों द्वारा प्रदर्शित शैक्षणिक उत्कृष्टता को बी.आर्क और बी.टेक प्रोग्राम के टॉपर्स को 13 स्वर्ण पदक और 12 रजत पदक प्रदान करके और अधिक मान्यता दी गई, जबकि एमसीए, एमएससी और एम.टेक प्रोग्राम में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को 14 स्वर्ण और 14 रजत पदक प्रदान किए गए। संस्थान के ओवरआल टॉपर का पदक श्रेयांश गौर (कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में बी.टेक) ने प्राप्त किया।

सबसे पहले डॉ. राव ने संस्थान की रिपोर्ट प्रस्तुत की उन्होंने अपने भाषण में एनआईटी रायपुर की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान और सामाजिक प्रभाव के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इसमें संकाय विशेषज्ञता को बढ़ाने के लिए गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (क्यूआईपी), बुनियादी ढांचे और अनुसंधान के लिए आईआईटी कानपुर, वाशिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी और एसईसीएल जैसे संस्थानों के साथ सहयोग को बढ़ावा देने वाले कई समझौता ज्ञापन (एमओयू) जैसी प्रमुख पहल शामिल रही। उन्होंने बताया कि संस्थान ने कई पेटेंट प्राप्त किए हैं, अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय सम्मेलनों की मेजबानी की है, और अपने प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर (TBI) के माध्यम से कई स्टार्टअप को इनक्यूबेट किया है। उन्होंने बताया की इक्लेक्टिका, कोड उत्सव और समर जैसे सांस्कृतिक, तकनीकी और खेल आयोजनों के माध्यम से समग्र छात्र विकास पर जोर दिया जाता है। उनके भाषण ने नवाचार, शिक्षा और राष्ट्रीय प्रगति के लिए एनआईटी रायपुर के समर्पण की पुष्टि की।

## प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन राजेश कुमार शुक्ला को सेवावृद्धि



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला को राज्य शासन ने एक वर्ष की सेवावृद्धि प्रदान की है। राज्य शासन के ऊर्जा विभाग से जारी आदेश के अनुसार उनकी सेवावृद्धि एक वर्ष या आगामी आदेश तक की गई है। श्री शुक्ला 28 फरवरी 2024 से ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

प्रबंध निदेशक श्री शुक्ला ट्रांसमिशन कंपनी में अपने मूल पद कार्यपालक निदेशक से इस वर्ष 31 जुलाई को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होते, लेकिन इस आदेश से उन्हें फरवरी 2026 तक का कार्यकाल प्राप्त हो गया है। श्री शुक्ला को पुन: प्रबंध निदेशक बनाए जाने पर पॉवर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारियों सहित कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

श्री शुक्ला का जन्म 8 जुलाई 1963 को जबलपुर, मध्यप्रदेश में हुआ। उनकी माता स्व. श्रीमती शशिकला शुक्ला एवं पिता स्व. श्री रमेश शंकर शुक्ला है। उन्होंने वर्ष 1979 में शासकीय हॉयर सेकेण्डरी स्कूल, अंबिकापुर से उत्तीर्ण की। वर्ष 1983 में बी.ई इलेक्ट्रिकल की उपाधि शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर से प्राप्त की। वर्ष 1984 में सहायक अभियंता प्रशिक्षु के रूप में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल, जबलपुर में नियुक्त हुए। अपनी सेवा यात्रा में उत्कृष्ट कार्यशैली एवं कार्यदक्षता को सतत् प्रदर्शित करते हुये 6 मई 2003 को कार्यपालन अभियन्ता, 17 मार्च 2011 को अधीक्षण अभियन्ता एवं 1 अक्टूबर 2018 को अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता के रूप में पदोन्नत होकर पारेषण संकाय के रायपुर स्थित मुख्य अभियन्ता पारेषण, वाणिज्य व योजना, भण्डार एवं क्रय, परियोजना आदि कार्यालयों में कार्य करने का अवसर मिला। 8 नवम्बर 2019 को मुख्य अभियन्ता तथा 31 मार्च 2021 को कार्यपालक निदेशक के शीर्ष पद पर पदोन्नति हुई। प्रबंध निदेशक नियुक्ति के पूर्व तक आप कार्यपालक निदेशक (पारेषण) थे। 1984 में सेवा में आने के पश्चात् 39 वर्षों तक निरन्तर पारेषण संकाय में पदस्थ रहे जिसमें 32 वर्ष छत्तीसगढ़ अंचल और राज्य में पदस्थापना रही है।

श्री शुक्ला को 'टर्न की' आधार पर 132/33 केव्ही, 220/132 केव्ही एवं 400/220 केव्ही केन्द्र एवं पारेषण लाइनों के विशेषज्ञ है। विद्युत विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए वर्ष 2014-15 में रावणभाठा (रायपुर) में निर्मित 132 केव्ही उपकेन्द्र का गैस आधारित उपकरणों व उपकेन्द्र ऑटोमेशन की डिजाईन व ड्राइंग का सम्पूर्ण कार्य तथा 132 केव्ही ऑटोमेशन आधार पर निर्मित प्रथम उपकेन्द्र का भूमिगत लाइन निर्माण कार्य, इस कार्य के लिए वर्ष 2016 में अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी द्वारा पुरस्कृत भी हुए हैं। विगत एकवर्ष में उनके निर्देशन में ट्रांसमिशन अधोसंरचना विस्तार के अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं।

### एएम परियल होंगे मुख्य अभियंता मानव संसाधन

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) का अतिरिक्त प्रभार श्री एएम परियल को दिया गया है। कार्यपालक निदेशक (मा.सं.) श्री जी आनंद राव के सेवानिवृत्ति के उपरांत उन्हें प्रभार दिया गया है। श्री परियल वर्तमान में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के ईआईटीसी में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें अपने दायित्वों के साथ मानव संसाधन की भी जिम्मेदारी दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### भविष्य का भारत और युवाओं की भूमिका पर व्याख्यान : डॉ.आलोक साहू

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) मैं आज भविष्य का भारत और युवाओं की भूमिका पर छत्तीसगढ़ सरस्वती शिक्षा संस्थान के प्रांतीय सचिव के द्वारा विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सिपेट के प्रधान निदेशक एवं प्रमुख डॉ आलोक साहू सर ने छत्तीसगढ़ सरस्वती शिक्षा संस्थान के प्रांतीय सचिव श्री विवेक सक्सेना जी का छत्तीसगढ़ी पारंपरिक परिधान एवं पुष्प उच्च से स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के द्वारा सिपेट के विद्यार्थियों के लिए भविष्य का भारत और युवाओं की भूमिका पर बड़ा ही शिक्षाप्रद एवं चुनौतीपूर्ण व्याख्यान दिया गया,जिसके आधार पर भविष्य का भारत एक सोने की चिड़िया बनकर विश्व गुरु के रूप में सुशोभित हो, उन्होंने सभी छात्र वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन में लक्ष्य पाने के लिए चुनौतियां को स्वीकार करो तथा ईमानदारी से अपने कार्य को सच्ची लग्न एवं पूर्ण समर्पण के साथ करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में सिपेट में संचालित 6 माह के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरा करने वाले सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व मेधावी छात्रों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र तथा नियोजन पत्र, प्रधान निदेशक महोदय एवं मुख्य वक्ता ने देकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रांतीय सचिव श्री सक्सेना जी ने सिपेट के विभिन्न तकनीकी विभागों का निरीक्षण करते हुए प्रशंसा व्यक्त की।



### अरपा नदी पर बैराज निर्माण के लिए 60.66 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन द्वारा बिलासपुर जिले में अरपा नदी पर शिवघाट के पास बैराज निर्माण कार्य कराने के लिए 60 करोड़ 64 लाख 40 हजार रूपए स्वीकृत किए है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से बैराज निर्माण कार्य को पूर्ण कराने मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### सहायक अभियंता और शिक्षक निलंबित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर ने जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता श्री पौलुस बड़ा और शासकीय प्राथमिक शाला कड़ार के सहायक शिक्षक श्री विजय कुमार केने को निलंबित किया गया है। उक्त दोनों कर्मियों के निलंबन की यह कार्रवाई निर्वाचन कार्य के दौरान लापरवाही बरतने के कारण की गई है।

## खुर्सीपार में पानी टंकी निर्माण के कार्य को जल्द पूर्ण कराने की मांग

**विधायक देवेंद्र यादव ने किया सवाल, केमिकल पानी का उठाया मुद्दा**



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** विधानसभा सत्र चल रहा है। इस बार विधानसभा में भिलाई नगर के मुद्दे छाए हुए है। बीते दो दिन से विधानसभा में भिलाई शहर के मुद्दों को लेकर जमकर बहस छिड़ी हुई है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव विधानसभा में लगातार क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहे है और शासन से जवाब मांग रहे हैं कि शासन भिलाईवासियों के लिए क्या पहल कर रही है।

इसी कड़ी में विधानसभा में शुक्रवार को विधायक देवेंद्र यादव ने खुर्सीपार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में कैमिकल युक्त पानी की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जिसे लेकर विधानसभा में जमकर बहस छिड़ी। अंत में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने खुद जवाब दिया और माना कि खुर्सीपार क्षेत्र के करीब 6 वार्ड में कैमिकल युक्त पानी की समस्या है। लेकिन लोगों को शुद्ध पानी देने के लिए पाइप लाइन बिछाया गया है। गौरतलब है ?कि देवेन्द्र यादव ने सवाल लगाया था कि भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्रांर्गत किन-किन वार्डों में केमिकल युक्त पानी निकलने की समस्या है। सरकार उक्त चिन्हित वार्डों में शुद्ध पेयजल घरों तक पहुंचने की व्यवस्था की है या नहीं? यदि हां तो क्या और यदि नहीं, तो प्रभावित वार्डों के घरों तक शुद्ध पेयजल पंहुचाने के लिए आगामी क्या योजना है, कृपया जानकारी देवें?

विधायक के इस सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) श्री अरूण साव ने दिया है जवाब भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत जोन क्र. 04 खुर्सीपार के वार्ड क्र. 40, 41, 43, 44, 45 एवं 46 के आंशिक क्षेत्रों में भू-जल स्त्रोतों में केमिकल युक्त पानी निकलने की समस्या है, उक्त चिन्हित वार्डों में शुद्ध पेयजल हेतु पाईप लाईन के माध्यम से घर-घर नल कनेक्शन दिया गया एवं वार्ड क्र. 44, 45 एवं 46 के अंतिम छोर में पानी का प्रेशर कम होने के कारण पाईप लाईन के माध्यम से पेयजल प्रदाय नहीं किया जा रहा है। उक्त क्षेत्रों में टेंकर एवं पावर पंप (जो कि केमिकल युक्त नहीं है) के माध्यम से पाईप लाईन बिछाकर सार्वजनिक स्टैण्ड पोस्ट के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है। वर्तमान में अमृत मिशन फेस-2 अंतर्गत बी.एस.पी. कन्या विद्यालय के पीछे मैदान में उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण किया जाना है। जिससे उक्त क्षेत्रों के पाईप लाईन में कनेक्शन कर जल दाब में वृद्धि कर निजी नल कनेक्शनों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति किये जाने की कार्यवाही किया जा रहा है।

## नागरिको के हित में 2 मोबाईल ऐप का लॉच हुआ, घर बैठे कर सकते हैं सभी टैक्स जमा




**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई और एच.डी.एफ.सी. बैंक मिलकर पहल किया है, निगम क्षेत्र के सभी हितग्राहियों की सुविधाओं के लिए डी.डी.एन. डिजिटल डोर नंबर साल्यूशन की लॉन्चिंग की है। जिससे सभी हितग्राही ब? ही आसानी से टैक्स की बकाया राशि देख पाएंगे और साथ ही भुगतान भी कर पाएंगे। आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर नागरिको के हित में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल के द्वारा 2 मोबाईल ऐप का लॉच किया गया है। सभी नागरिक जो भी निगम को संपत्तिकर, भू-भाटक, जलकर, निर्यातकर एवं अन्य करों का भुगतान करना चाहते है, वह मोबाईल ऐप के माध्यम से भुगतान कर सकते है। निगम क्षेत्र के सभी मकानो में डिजिटल क्यूआर कोड के साथ नेम प्लेट लगाया जा रहा है। जिसको स्केन करके नागरिक अपने सभी प्रकार के करों की जानकारी प्राप्त कर सकते है। संबंधित व्यक्ति के मोबाईल में ओ.टी.पी. आयेगा, वह व्यक्ति जब ओके करेगा, तभी उसका भुगतान स्वीकृत होगा। यह पुरी तरह से सुरक्षित होगा। सबका समय किमती है, इसके लिए नगर निगम भिलाई तक आने की आवश्यकता नहीं है। नागरिक घर बैठे इस मोबाईल ऐप के माध्यम से टैक्स से संबंधित पुरी जानकारी प्राप्त कर सकते है। एच.डी.एफ.सी. बैंक के माध्यम से करों का भुगतान हो सकेगा, वह भी सहयोगी है।

दूसरे ऐप के माध्यम से आप स्वच्छता के क्षेत्र में कहीं पर भी कोई समस्या हो, कचरा हो, पानी बह रहा हो, किसी के द्वारा गंदगी फैलाया जा रहा हो, अवैध पार्किंग कर लिया हो। तमाम प्रकार की जानकारियां ऐप के माध्यम से निगम को दे सकते है, निगम का प्रयास होगा कि 24 घंटे के अंदर उसका निदान हो सके। जिस प्रकार से चुनाव के दौरान सी.व्ही.जील ऐप काम करता है, उसी प्रकार से यह ऐप तत्कालिक रूप से वीडियो, फोटो एवं अन्य जानकारियां निगम के अधिकारियों तक पहुंचा देगा।

## नगर पालिका परिषद जामुल में सामान्य सभा का आयोजन किया गया




**जामुल ( विश्व परिवार )।** नगर पालिका परिषद जामुल में सामान्य सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पार्षदों ने बैठक में अपने विचार व्यक्त करते ह ुए सर्वसम्मति से सभी विषयों को स्वीकृति प्रदान किया। बैठक के कुल ग्यारह विषयों पर चर्चा हुई और सभी को पारित किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर न। बताया कि शिवपुरी गार्डन का उन्नयन कार्य होगा। जो कि 62.50 लाख रूपये सुरडुंग के शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण 65.30 लाख रूपये शासकीय महाविद्यालय के पास नाला निर्माण लागत राशि 40.00 लाख रूपये पालिका क्षेत्र के सार्वजनिक शौचालयों के संधारण हेतु 61.00 लाख रूपये राम मंदिर तालाब के रिजुनवेशन हेतु, 01 करोड 13 लाख रूपये के विकास कार्यो के प्राप्त दरों का हमारे परिषद के सभी सम्मानीय सदस्यों के सर्व सम्मति से अनुमोदन किया। यह सभी कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होंगे। साथ ही हमारे जामुल पालिका में डिजिटल लाईब्रेरी हेतु जिला योजना सांख्यिकी विभाग दुर्ग द्वारा 02 करोड 70 लाख रूपये का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिसे परिषद के सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान किया है। इस प्रकार हमारे नगर पालिका जामुल क्षेत्र मे ं कुल 05 करोड रूपये का विकास कार्य संपादित होगा। सामानय सभा के बैठक में नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षदगण खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, सरोजनी चन्द्राकर, दीपक गुप्ता आदि सहित सभी विभागीय प्रभारी अधिकारी कर्म चारीगण उपस्थित थे।


## रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर्स (सेन्ट्रल) रूल्स 1956 के अंतर्गत दैनिक विश्व परिवार रायपुर के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी

### घोषणा पत्र

( फार्म-4, नियम 8 )

१. प्रकाशक स्थल - रायपुर

२. प्रकाशन अवधि - दैनिक

३. मुद्रक का नाम - प्रियेश कुमार जैन
विश्व परिवार निजालय निकट दिगम्बर जैन मंदिर, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर, ( छ.ग. )
राष्ट्रीयता - भारतीय
निवास - विश्व परिवार निजालय निकट दिगम्बर जैन मंदिर, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर, ( छ.ग. )

४. प्रकाशक का नाम - प्रियेश कुमार जैन
राष्ट्रीयता - भारतीय
निवास - विश्व परिवार निजालय निकट दिगम्बर जैन मंदिर, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर, ( छ.ग. )

५. संपादक का नाम - प्रदीप कुमार जैन
राष्ट्रीयता - भारतीय
निवास - विश्व परिवार निजालय निकट दिगम्बर जैन मंदिर, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर, ( छ.ग. )

६. पत्र का स्वामित्व - प्रियेश कुमार जैन
भागीदारी अथवा - --------
१ प्रतिशत से अधिक
पूंजी वाले हिस्सेदार - --------

मै प्रियेश कुमार जैन एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सहीं है।

दिनांक 01.03.2025

प्रियेश कुमार जैन
प्रकाशक के हस्ताक्षर



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**एसएलआर में पट्टे की लीसिंग हेतु ई-नीलामी**

अधिसूचना क्रमांकः COM/R/Parcel Corres./24 दिनांकः 28.02.2025

रायपुर मंडल पर निम्नलिखित एसएलआर पट्टे लीसिंग पर देने के लिए उपलब्ध हैः

| क्र. | गाड़ी संख्या | से | तक | लीसिंग के लिए उपलब्ध एसएलआर | नीलामी दिनांक | नीलामी समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18241 | दुर्ग | अंबिकापुर | 2(R-I & F-I) | 17.03.2025 | सुबह 12:00 से 15:00 |
| 2 | 18529 | दुर्ग | विशाखापत्तनम | 2(F-II & R-I) | | |
| 3 | 13287 | दुर्ग | आरा | 1 (F-I) | | |
| 4 | 18249 | रायपुर | कोरबा | 1(F-I) | | |
| 5 | 18251 | रायपुर | कोरबा | 1 (F-I) | | |
| 6 | 12549 | दुर्ग | एम सी टी एम | 1 (F-I) | | |
| 7 | 20847 | दुर्ग | एम सी टी एम | 1(F-I) | | |
| 8 | 18207 | दुर्ग | अजमेर | 1(F-I) | | |
| 9 | 15160 | दुर्ग | छपरा | 1(F-I) | | |
| 10 | 18205 | दुर्ग | नवतनवा | 1(F-I) | | |
| 11 | 18201 | दुर्ग | नवतनवा | 1(F-I) | | |
| 12 | 12853 | दुर्ग | भोपाल | 1(F-I) | | |
| 13 | 18213 | दुर्ग | अजमेर | 1(F-I) | | |
| 14 | 18426 | दुर्ग | पुरी | 1(F-I) | | |

सभी ई-नीलामी अधिसूचना का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।

सहा. वाणिज्यिक प्रबंधक(Chg.)
द.पू.म.रेलवे/ रायपुर

पीआर/आर/सी.डीसीएम/एएन/257

South East Central Railway @secrail



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./18538/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 28-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18538
वार्ड का नाम- 65 - महामाया मंदिर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 65 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR662A00136** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NARESH PANJWANI,SHANKAR PANJWANI, MANOJ URF JAY PANJWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARAYAN DAS PANJWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BHUPENDRA KUMAR SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **GENDRAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./18511/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 28-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18511
वार्ड का नाम- 61- श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 61 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR663T00204** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ASHA CHAKRADHARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUKHRAM CHAKRADHARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MAMTA AGLAWE** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O VIKAS AGLAWE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./18562/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 28-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18562
वार्ड का नाम- 14- रमण मंदिर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR221A00051** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PUSHPA DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O HIRALAL BAJAJ** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. दीपचंद जैन पिता- श्री अजीत कुमार जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **2. प्रदीप कुमार जैन पिता- श्री अजीत कुमार जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./18172/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 28-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18172
वार्ड का नाम-27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR220J00167** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **GEETA BEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O RANCHHOR BHAI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री कमल चावड़ा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - स्व. श्री लीला भाई चावड़ा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./17577/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 20-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 17577
वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445A00110** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GEETA BAJAJ** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. RAM BAJAJ** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SATISH HARCHANDANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O SHRI SUGNAMAL HARCHANDANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /18575/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 26-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18575
वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801L00779** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANDHYA JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIJAY KUMAR JAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VIJAY KUMAR JAIN S/O LT. JAVER CHAND JAIN, KU. KASHISH JAIN, NA.BA.-KU. VIDHI JAIN AND NA. BA.- KHWAISH JAIN ALL FATHER-VIJAY KUMAR JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती ..... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /18582/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 26-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18582
वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801H00032** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KEDIA BUSINESS TOWER** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRAKASH KEDIA,MANJU KEDIA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. VINOD KUMAR GUPTA S/O PURANCHAND SUHANE (GUPTA) 2. PREETI GUPTA W/O VINOD KUMAR GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती ..... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /18583/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 26-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18583
वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801L00774** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AKASH CHAND SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. R. C. SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ROHIT SINHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. RAJIV SINHA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./18514/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 28-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18514
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652D00425** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MURAT SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **B.P. SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MONIKA GOSWAMI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O DEVENDRA PURI GOSWAMI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./18502 /न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 28-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18502
वार्ड का नाम- 61- श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 61 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR663T00207** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SARASWATI CHAKRADHARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM KHILAWAN CHAKRADHARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SANDHYA KIRTANE** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O RAJENDRA KIRTANE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

www.dainikvishwaparivar.com
vishwaparivarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



# छत्तीसगढ़ की संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा- लखनलाल देवांगन

**पाली का ऐतिहासिक शिव मंदिर**




**कोरबा(विश्व परिवार)।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर ग्राम केराझरिया में दो दिवसीय पाली महोत्सव का शुभारंभ उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्स्ना चरण दास महंत सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की बधाई देते हुए सभी को घर परिवार देश दुनिया के समृद्धि की कामना की। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि पाली का ऐतिहासिक शिव मंदिर छत्तीसगढ़ की संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिला प्रशासन द्वारा हर्षो उल्लास के साथ पाली महोत्सव का आयोजन किया जाता है जिससे यहां की संस्कृति को अलग पहचान मिल रही है। महोत्सव के मुख्य अतिथि लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी जिलेवासियों को पाली महोत्सव की शुभकामनाएं दी है। पाली महोत्सव का आयोजन इस क्षेत्र के लोगों के गौरव से जुड़ा है। जिसे हमें अक्षुण्ण बना के आगे बढ़ना है। इसे भव्य रूप से मनाते हुए राष्ट्रीय और स्थानीय कलाकारों को अवसर दिया जाता है। उन्होंने कलाकारो का मनोबल बढ़ाते हुए लोगों को आनंद उठाने के लिए कहा साथ ही इस भव्य कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान महादेव हमारे देश में आस्था और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और हम सबकी कामना है कि महादेव हम सभी देशवासियों को खुश रखे, उन्हें सफलता की राह में आगे बढ़ाए। सभी आपसी भाई चारा व सौहार्द्र के साथ परिवार की भांति मिल जुल कर रहे, क्षेत्र के विकास में सहयोग करें। जिससे हमारा देश प्रदेश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़े। पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर मरकाम ने कहा कि आज पूरा देश शिव की भक्ति में लीन है। शिव की नगरी पाली में इस अवसर पर पाली महोत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होंने आमजनों को कार्यक्रम का लुत्फ उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह आप सभी का कार्यक्रम है। आप सभी कार्यक्रम की रौनकता बढ़ाते हुए आंनद लें। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने स्वागत भाषण के माध्यम से दो दिवसीय पाली महोत्सव के आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पाली महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय कलाकार, राज्य के ख्याति प्राप्त एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक पाली श्री मोहित राम केरकेट्टा, अध्यक्ष नगर पंचायत पाली श्री अजय जायसवाल सहित सरपंच केराझरिया श्री गिरजा सत्यनारायण पैकरा सहित अन्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने पाली महोत्सव के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। इस दौरान अतिथियों द्वारा पाली महोत्सव के अवसर पर आयोजित साईकल रेस प्रतियोगिता के पुरुष एवं महिला वर्ग के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। साथ ही खेल के क्षेत्र में पाली का नाम रौशन करने वाले अनेक युवा खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। पाली महोत्सव के पहले दिन छत्तीसगढ़ी गायक सुनील सोनी एवं मैथिली ठाकुर सहित अन्य कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायक श्री सुनील सोनी ने अपने साथी कलाकारों के साथ छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति से संबंधित एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, कलाकारों की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया।

# श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकाली विशाल कलश यात्रा




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** आज गोयल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ से पूर्व विशाल कलश यात्रा निकाली गई।

जानकारी के अनुसार स्थानीय मुख्य बाजार बस स्टैंड स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई जो गोयल परिवार के पुराने ग्रह पहुंचकर नवीन गृह पहुंची जहां से पुन: पुराने निवास लौटी जहां यात्रा का स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधिवत श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन का शुभारंभ हुआ गोयल परिवार का पारिवारिक श्रीमद् भागवत कथा पंडित आचार्य महेन्द्र मिश्रा जी भागवत कथाचार्य मथुरा वृन्दावन वाले के द्वारा 28 फरवरी से 6 मार्च तक ललित गोयल के पुराने पैतृक निवास फौजी गली में श्री मद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमे गोयल परिवार ने समस्त श्रीमद् भागवत कथाप्रेमी लोगों से कथा में सम्मिलित होकर कथा का आनंद लेने की अपील की है। आज 28 फरवरी को सुबह 10 बजे से हनुमान मंदिर से गोयल के पुराने पैतृक निवास फौजी गली तक कलश यात्रा एवं 28 फरवरी से 6 मार्च तक प्रति दिन संध्या 3 बजे से श्री मद्द भागवत कथा का आगाज हुआ। इस पवित्र आयोजन में सम्मिलित होने के लिए गोयल परिवार के ज्येष्ठ पुत्र

ललित गोयल, दिलीप गोयल, एवं मुकेश गोयल सहित गोयल परिवार के अन्य सदस्यों ने लोगों से उपस्थित होकर श्री मां का श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लेने की अपील की है

बहरहाल आज दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से निकली कलश यात्रा में सुभाष गोयल सहित अन्य भक्तजन शामिल थे।

# नगर के प्रतिष्ठित नागरिक मिथिलेश सिंह का आकस्मिक निधन शहर शोक में डूबा



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- विश्रामपुर नगर पंचायत के प्रतिष्ठित नागरिक एवं डिपार्टमेंटल निवासी सेवा निवृत कालरी कर्मचारी मिथिलेश सिंह का आज उनके गृह ग्राम भोजपुर जिला बिहार में निधन हो गया वे 62 वर्ष के थे। स्वर्गीय मिथिलेश सिंह कांग्रेस के युवा नेता एवं क्षत्रिय महासभा विश्रामपुर की पूर्व युवा अध्यक्ष प्रेमजीत सिंह एवं सुशील सिंह शिबू का पिता श्री थे।बताया जाता है कि स्वर्गीय मिथिलेश सिंह सपरिवार विश्रामपुर से अपने गृह ग्राम बिहार के रोहतास जिला गए हुए थे ,वहां से स परिवार कुंभ स्नान कर घर लौटे थे। सब ठीक-ठाक था। कुंभ स्नान के दो दिन बाद हल्का सा असहज महसूस किया और चिकित्सालय जाने की बात कही तब परिजनों ने उन्हें सासाराम स्थित सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया। मिथिलेश सिंह के छोटे पुत्र सुशील सिंह ने बताया कि सब ठीक-ठाक था वह थोड़ा असहज महसूस कर रहे थे और चिकित्सालय ले जाने की बात कही। वे स्वयं कपड़ा पहना चिकित्सालय पहुंचे और सारी बात अपनी परेशानियां चिकित्सा को बताया परंतु अचानक उनका पल्स गिरा तो पुन: उठा ही नहीं और वह देखते-देखते चीर निंद्रा में समा गए ।आज रोता बिलखता पुत्र शिबू ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार बिहार के बक्सर जिला गंगा घाट पर किया गया। स्वर्गीय मिथिलेश सिंह की खबर की सूचना जैसे विश्रामपुर नगर वासियों की लगी लोग के साथ साथ पूरा शहर शोक में डूब गया।

# फाईलेरिया मुक्ति अभियान के लिए जनजागरूकता रथ रवाना

**अम्बिकापुर(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत फाईलेरिया (हाथीपांव) संक्रमण से बचाव हेतु जिले में 27 फरवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी एस मार्को , सिविल सर्जन डॉ जे के रेलवानी डॉ. शैलेन्द्र कुमार गुप्ता डीटीओ डॉ. राजेश गुप्ता (डीएमओ) डॉ. वाई, किण्डों डीएलओ तथा डब्लुएचओ के जोनल समन्वयक डॉ. स्नेहाश्री ने दवा सेवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रचार-प्रसार हेतु जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 27 फरवरी से 02 मार्च 2025 तक स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी केन्द्र तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में बूथ लगाकर एवं 03 मार्च से 10 मार्च 2025 तक घर-घर जाकर फाईलेरिया रोधी दवा खिलाई जायेगी। छुटे हुये पात्र व्यक्तियों को 11 मार्च से 13 मार्च 2025 तक पुन: दवा का सेवन कराया जाएगा। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल, आंगनबाड़ी तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में दूध लगाकर दवा का सेवन कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी ने शहरी क्षेत्र के हायर सेकण्डरी स्कूल केदारपुर एवं भगवानपुर में बच्चों को फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया। मुख्य विकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सभी को फाईलेरिया मुक्ति हेतु दवा सेवन करने की अपील की है।

# कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी रजवाड़ों के गृह ग्राम वीरपुर में फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज शामिल होंगे खेल मंत्री टंक राम वर्मा

**गोपाल सिंह विद्रोही**





**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )**-प्रदेश के महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के गृह ग्राम वीरपुर में अंतर राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा है ।आज एक मार्च को प्रतियोगिता का समापन होगा।

उक्त फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन के मुख्य अतिथि प्रदेश के खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री छत्तीसगढ़ टंक राम वर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े होंगी।

उक्त फुटबॉल प्रतियोगिता पिलखा पहाड़ के गोद में बसा मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के ग्राम वीरपुर में आयोजित है जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी भाग लिए हुए हैं। आज 1 मार्च को प्रतियोगिता का फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है ,जिसमें प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा एवं महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े आयोजन को सुशोभित करेंगे एवं खिलाड़ियों का आशीर्वाद प्रदान करेंगे। प्रतियोगिता को लेकर कोयलांचल में काफी उत्साह देखा जा रहा है ।प्रतियोगिता को सफल बनाने में वीरपुर शिवाजी क्लब के खिलाड़ियों द्वारा एवं ग्राम के खेलप्रेमियों द्वारा भव्य तैयारी की जा रही है।

# निर्मला यादव का दूसरी बार नगर पंचायत अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह आज

**मुख्य अतिथि के रूप मेंशामिल होंगे मंत्री टंक राम वर्मा**





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- नगर पंचायत बिश्रामपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निर्मला राजेश यादव का शपथ ग्रहण समारोह आज 1 मार्च को आयोजित किया गया है जिसके मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा शामिल होंगे।

कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी, विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष सूरजपुर मुरली सोनी, पूर्व गृह मंत्री राम सेवक पैकरा,पूर्व पाठ्यपुस्तक निगम भीम सेन अग्रवाल अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अजय गोयल, बाबूलाल गोयल, रामकृपाल साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश सिरदार ,अनिल मिश्रा ,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, जिला भाजपा मंत्री श्यामा पांडेय ,प्रदेश कार्यसमिति महिला मोर्चा सदस्य गीता घोषाल ,मंडल महामंत्री सतीश तिवारी अतिथि के रूप में शामिल होंगे ।

**सीधी साधी घरेलू महिला है निर्मला यादव-** नगर पंचायत बिश्रामपुर ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षित होने के कारण निर्मला यादव दूसरी बार नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में भाजपा कि ओर से चुनाव लड़ा ।दो बार चुनाव लड़ी दोनों बार सफलता मिली। निर्मला यादव की जीवनी पर प्रकाश डालें तो उनका जन्म 4 अप्रैल 1977 को अहीर जाति के परिवार में हुआ ।आठवीं तक की शैक्षणिक योग्यता उनके पास है । सूरजपुर क्षेत्र क्रमांक 2 से जिला पंचायत चुनाव लड़ी पराजित हुई ।2010 से 2004 तक नगर पंचायत बिश्रामपुर के अध्यक्ष रही ।वर्तमान में भाजपा मंडल बिश्रामपुर के सदस्य एवं राजकुमार पब्लिक स्कूल की कोष प्रमुख है। वे वर्तमान में एस ई सी एल के क्वार्टर नंबर 88 वार्ड नंबर 15 प्रेम नगर विधानसभा क्षेत्र के निवासी हैं ।वे वर्तमान में हुए नगरीय चुनाव में अपनी प्रतिद्वंद्वी को लगभग ढाई हजार वोट से ज्यादा से पटकनी दी ।पति राजेश यादव भी दो बार नगर पंचायत एवं एक बार सरपंच के रूप में विश्रामपुर की नुमाइंदगी कर चुके हैं या यूं कहे कि नगर पंचायत बिश्रामपुर वासी सरपंच एवं नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में 25 वर्षों तक निर्मला यादव एवं राजेश यादव का नेतृत्व करने का अवसर प्रदान किया ।इस बार पुन: विश्रामपुर की जनता ने उन पर विश्वास जताया हैं जो आज 1 मार्च को शपथ लेकर नगर वासियों के लिए किए गए अपनी घोषणा पत्र पर खरा उतरेंगे जनता ऐसीउम्मीद लगा बैठी है। अब देखना यह है कि निर्मला राजेश यादव जनता की उम्मीदो पर खरा उतरती है या नहीं भविष्य के गर्त में है।

## संक्षिप्त समाचार

# हत्या के आरोपी को थाना प्रतापपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सूरजपुर ब्यूरो दैनिक विश्व परिवार )**-ग्राम बरबसपुर प्रतापपुर निवासी गोपाल प्रसाद ने थाना प्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी बहन फुलमेत कमजोर दिमाग की थी जो अपने ससुराल आकर करीब 5 वर्ष से इसके पुराने घर में अकेले रहती थी तथा बड़बराते रहती थी, सुबह इसका लड़का बताया कि दिनांक 26.02.25 के रात अपने पुराना घर में गया था जहां फुलमेत उसे अनावश्यक गाली-गलौज कर रही थी जिससे गुस्सा होकर बुआ फुलमेत को मारकर हत्या कर दिया तब यह मौके पर जाकर देखा कि फुलमेत वहां मृत अवस्था में पड़ी हुई है। प्रार्थी की सूचना पर मर्ग कायमी उपरान्त अपराध क्रमांक 32/25 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर डीआईजी एवं एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने प्रकरण के आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना प्रतापपुर पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए दबिश देकर आरोपी सुखसागर पिता गोपाल प्रसाद उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बरबसपुर दबगड़ी थाना प्रतापपुर को पकड़ा। पूछताछ पर उसने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी एवं लकड़ी का फाटी जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई संदीप सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज केरकेट्टा, आरक्षक अवधेश कुशवाहा, राजेश तिवारी, विरेन्द्र कुजूर सक्रिय रहे।

# 30 दिवसीय लक्ष्मीबाई बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**- क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में समग्र शिक्षा की ओर से बालिका आत्मरक्षा हेतु लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा कार्यक्रम के तहत 30 दिवसीय प्रशिक्षण सफल संचालन किया जा रहा है। लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा कार्यक्रम के तहत विश्रामपुर की ताइक्वांडो येलो बेल्ट धारी प्रशिक्षक सुश्री रोशलीमा बखला प्रतिदिन प्रात: 9:00 बजे विद्यालय पहुंचकर 1 घंटे बच्चों को प्रशिक्षित कर रही है। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम संस्था की वरिष्ठ शिक्षका श्रीमती एम. टोप्पो की देखरेख में प्रतिदिन संचालित हो रही है, जिसमें विद्यालय के सभी 38 छात्राएं इस कार्यक्रम से जुड़कर लाभ ले रही हैं। बाल कैबिनेट के मंत्री रिंकी राजवाड़े, सुनीता राजवाड़े, चित्रकुमारी व रूपा विश्वकर्मा द्वारा इस कार्यक्रम को भविष्य के लिए लाभदायक बताया। बच्चों का कहना है कि आज समाज में विभिन्न प्रकार की घटनाएं घटित हो रही है और आज बालिका वर्ग अपने आप को असुरक्षित महसूस करती हैं। इस कार्यक्रम से प्रशिक्षित बच्चों को ना केवल आत्मविश्वास मिला है बल्कि वह अपनी सुरक्षा कर पाने में भी समर्थ हो रही है, आवश्यकता पड़ने पर वह अपनी सुरक्षा कर पाएंगी। बताते चले कि इस वर्ष भी 30 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन बच्चों के बेहतर और सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखकर समग्र शिक्षा से आयोजित हो रही है। प्रशिक्षण के दौरान संस्था के शिक्षक रिजवान अंसारी, श्रीमती पूनम गुप्ता सहित मध्याह्न भोजन सहायिका श्रीमती सुमित्रा राजवाड़े व नाम दईया भी पूरे समय उपस्थिति रहती है।

# मकान में आग लगने से घर का सामान जलकर खाक

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 37 रामपुर बस्ती के एक मकान में एकाएक भीषण आग लग गई। आग से घर में रखें कीमती समान जलकर खाक हो गए। पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार रामपुर बस्ती में रामेश्वर दास नामक युवक अपने परिवार के साथ निवास करता है। वह रोज की तरह काम करने के लिए घर से निकला, उसका बेटा भी किसी कार्य से बाहर गया हुआ था। घर पर ताला लगा हुआ था। बुधवार को दोपहर लगभग 1रू00 बजे अचानक घर से धुआं निकलते देख पड़ोसियों ने घटना की जानकारी सिविल लाइन थाना पुलिस व डायल 112 के टीम को दी। डायल 112 की टीम पहुंचने से पहले ही पड़ोसियों ने घर का ताला तोड़कर आग पर काबू पा लिया। परंतु तब तक हजारों रुपए के कीमती सामान जलकर खाक हो चुके थे।

# संपादकीय

## रेसीप्रोकल टैरिफ से भारत भी प्रभावित...

एसएंडपी की आकलन रिपोर्ट के मुताबिक वैसे तो ट्रंप प्रशासन के इस कदम से सारी दुनिया प्रभावित होगी, लेकिन एशिया- प्रशांत क्षेत्र के देशों को इससे सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। इन देशों में भारत भी एक है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने आगाह किया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क (रेसीप्रोकल टैरिफ) से जो देश सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे, उनमें भारत भी है। एसएंडपी की आकलन रिपोर्ट के मुताबिक वैसे तो ट्रंप प्रशासन के इस कदम से सारी दुनिया प्रभावित होगी, लेकिन एशिया- प्रशांत क्षेत्र के देशों को इससे सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। वियतनाम, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया की अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका से अधिक जुड़ी हुई हैं। भारत और जापान की घरेलू अर्थव्यवस्थाएं अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में हैं, इससे ये दोनों एक हद तक ट्रंप के टैरिफ की मार को झेल जाएंगे। मगर दोनों देशों के लिए अमेरिका वह स्थल है, जहां उनके निर्यात की बड़ी मात्रा जाती है। जिन चंद बड़े देशों के साथ कारोबार में भारत व्यापार लाभ की स्थिति में है, उनमें अमेरिका प्रमुख है। वरना, चीन और रूस जैसे देशों के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़ता चला गया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस वित्त वर्ष में फरवरी तक चीन से भारत 101 बिलियन डॉलर का आयात कर चुका होगा, जबकि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक भारत से चीन को हुआ कल निर्यात 14.85 बिलियन डॉलर का ही था। साल भर पहले से तुलना करें, तो इसमें डेढ़ बिलियन डॉलर से भी कम की बढ़ोतरी हुई। ऐसे में अमेरिकी बाजार से होने वाले व्यापार लाभ का भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान है। अब ट्रंप ने समान मात्रा में आयात शुल्क लगाने का फैसला कर इस लाभ को समाप्त करने की दिशा में कदम उठाया है। आशंका है कि इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्तु एवं सेवाएं महंगी हो जाएंगी, नतीजतन इनका उपभोग वहां घट सकता है। इससे निर्यात में गिरावट आएगी। डब्लूटीओ नियमों के तहत विकासशील देश होने के नाते भारतीय निर्यात को विशेष सुविधा मिली रही है। मगर ट्रंप किसी अंतरराष्ट्रीय नियम को नहीं मानते। बहरहाल, यह सिर्फ अफसोस करने का मुद्दा नहीं है। बल्कि यह एक अवसर भी हो सकता है, अगर सबक लेते हुए अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी जाए।

# ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहर को समेटे बेमिसाल है हमारा ललितपुर जनपद

### जनपद ललितपुर के 51 बेमिसाल स्थापना दिवस पर विशेष आलेख

–डॉ. सुनील जैन



उत्तर प्रदेश के झांसी मंडल में शामिल ऐतिहासिक, पुरातात्विक और प्राकृतिक धरोहर को समेटे ललितपुर जनपद 1 मार्च 2025 को अपनी स्थापना के 51 वर्ष पूर्ण कर रहा है। जनपद के यशस्वी जिलाधिकारी आदरणीय अक्षय त्रिपाठी जी के नेतृत्व में उमंग और उत्साह के साथ बेमिसाल गौरवशाली स्थापना दिवस मनाने के लिए जन-गण-मन में एक अतीव उत्साह देखा जा रहा है। चलिए, इस मौके पर अपने जनपद के बारे में कुछ महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्यों से रूबरू होते हैं – ललितपुर जिला बदेलखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है। इसी कारण यहां के जंगल, तालाब, नदी व झरने ललितपुर को सांस्कृतिक, प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं। जिले का निर्माण करती प्रमुख नदी बेतवा जिले की उत्तरी सीमा का और ललितपुर को झांसी से अलग करती है। इसके अलावा जामिनी, सजनाम, शहजाद और धसान आदि नदियां भी प्रवाहित हो रहीं हैं। पहाड़ी क्षेत्र व नदियों के कारण जिले में बांध बनाए गए हैं।

**ललितपुर का नामकरण :** महाराजा सुम्मेर सिंह की धर्म पत्नी ललिता देवी के नाम पर जनपद का नाम ललितपुर पड़ा । ऐसा मानते हैं कि महाराज सुम्मेर सिंह को तालाब में स्नान करने पर चर्मरोग से मुक्ति मिली और फिर उन्हीं के नाम पर तालाब का नाम सुम्मेरा तालाब पड़ा।

**ललितपुर का स्वर्णिम इतिहास:** विभिन्न काल खण्डों में इस क्षेत्र पर अलग- अलग वंशों के राजाओं ने राज किया। 1974 के पहले ललितपुर झांसी जिले जिले में सम्मिलित था। 1 मार्च सन् 1974 को झांसी जिले को प्रथक करके एक नया जिला ललितपुर बनाया गया। वर्तमान समय में यह जिला झाँसी मण्डल का ही हिस्सा है।

**प्राचीन ग्रंथों में उल्लेख :** जिले का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। इतिहासकारों के अनुसार इस जगह का जिक्र रामायण, विष्णु पुराण और बराह पुराण, महाभारत जैसे प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है।

**खनिज संपदा से सम्पन्न जनपद :** ललितपुर जिला खनिज सम्पदाओं से सम्पन्न जिला है, यहां पर ग्लेनाइट, मोरम व राक, फ़ास्फेट आदि पाए जाते हैं। जिले के धौर्रा क्षेत्र का ग्रेनाइट का पत्थर देश में बहुत प्रसिद्ध है। इस जनपद ने माइंस के क्षेत्र में अपना मान बढ़ाया है। महरौनी में मौजूद रॉक फास्फेट, तालबेहट और मडावरा में सोना, हीरा, जिंक समेत कई अन्य खनिज भंडार होने से जिले की अच्छी पहचान है।

**कृषि प्रधान जनपद :** हिंदी व बुंदेली यहाँ की बोली है। ललितपुर जिला अभी भी कृषि प्रधान जिला है; जिले में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलें गेहूं, दालें, मटर, चना आदि प्रमुख हैं। सांस्कृतिक रूप से जिले का प्रसिद्ध नृत्य राई और सैरा है।

**1974 में बना जिला :** अंततः 1 मार्च ,वर्ष 1974 में ललितपुर एक




स्वतंत्र जिले में तब्दील हो गया जो कि बुंदेलखंड क्षेत्र में स्थित एक हृदय के आकार का जिला है। यह जिला पूरी तरह से मध्य प्रदेश से घिरा हुआ है।

**रेलवे की सुविधा से नगर विकास की राह पर :** ललितपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन भारत की मुख्य रेलवे लाइन के अंतर्गत आता है। यह देश के सभी भागों से रेल सेवाओं द्वारा भली-भांति जुड़ा हुआ है। मुंबई, दिल्ली, कोलकाता (हावड़ा), चेन्नई, आगरा, जम्मू तवी, बैंगलोर (बेंगलुरु), त्रिवेंद्रम, इंदौर, अहमदाबाद, पुणे, जम्मू, लखनऊ, भोपाल, जबलपुर, कानपुर और अन्य प्रमुख शहरों के लिए दैनिक ट्रेनें उपलब्ध हैं। ललितपुर स्टेशन अब एक जंक्शन है, खजुराहो, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना और टीकमगढ़ के लिए सीधे ट्रेनें हैं।

**सड़क परिवहन की सुविधा :** कश्मीर से कन्याकुमारी ह॥-44 तक भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग ललितपुर से होकर गुजरता है, जो भारत के प्रमुख शहरों को जोड़ता है। प्रमुख शहरों – कानपुर, लखनऊ, इंदौर, भोपाल, सागर, पन्ना के लिए बस सुविधा उपलब्ध है।

**मिली सौगातें, लगेगें विकास के पंख :** 1 मार्च 1974 को झांसी से अलग होने के बाद ललितपुर को हाईवे, मेडिकल कॉलेज, सोलर पावर प्लांट और हवाई अड्डे की बड़ी सौगात मिली हैं जिससे जनपद में विकास के नए पंख लगेंगे। जिला बनने के बाद यहां कई बांध परियोजनाएं निर्मित कराई गई हैं।

**सुंदर बांध हैं जनपद की पहचान :** यहां साइफन प्रणाली से सुसज्जित गोविंद सागर बांध, राजघाट बांध, माताटीला बांध आदि अनेक बांध हैं जिनसे ललितपुर की पहचान देश-विदेश में है।

**कई ऐतिहासिक, पुरातात्विक और प्राकृतिक स्थलों से पहचाना जाता है जनपद :** ललितपुर प्राचीन आस्था का केंद्र माना जाता है।, गौतम बुद्ध से लेकर सम्राट अशोक तक के पहचान चिन्ह मौजूद हैं। देवगढ़, पावागिरी, देवा माता, नीलकंठेश्वर, मुचकुंद गुफा, रणछोड़ मंदिर, मानसरोवर, महावीर वन्य जीव अभ्यारण, प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ , बानपुर आदि स्थान हैं जो ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं प्राकृतिक स्थलों के लिए पूरे देश में जाना पहचाना जाता है। इसके अलावा कई प्राचीन किले एवं मंदिर मौजूद हैं। जो कि पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

**अतुल्य है ललितपुर की नैसर्गिक एवं पुरातात्विक धरोहर :** अतुल्य भारत की ललित नगरी ललितपुर अपने दामन में अकूत पुरासंपदा का वैभव संजोंये हुए है, जिसे देखने के लिए सात समंदर पार से भी अनेकों विदेशी सैलानी बरबस खिंचे चले आते हैं। यहां के शिल्प सौंदर्य को देखकर ऐसा लगता है कि देवता रुपी शिल्पी ने पत्थर को मोंम बनाकर फिर उसे पिघलाकर अपनी जादुई उगलियों से गढा हो।ये प्राचीन धरोहरें हमें अपने ऊपर गर्व करने के साथ-साथ अतीत की उच्च वास्तुकला निर्माण की शैली से अवगत कराने के साथ-साथ वैसी ही जानकारी देतें हैं जैसे हमारे नाना-नानी, दादा-दादी देते आयें हैं। हमारे ललितपुर जनपद में प्राचीन धरोंहरों की कमी नहीं हैं जहाँ उत्तर-प्रदेश व मध्य प्रदेश की सीमा पर सुदूर अंचल में सुरम्य स्थल विकास खंड मडावरा के ग्राम मदनपुर में आल्हा-ऊदल की बैठक है तो वहीं पर देवगढ़, नवागढ़, बानपुर, सिरोन, दुधई आदि जैन तीर्थक्षेत्रों पर हजारों वर्ष प्राचीन पुरा संपदा हमारे अतीत के गौरवमयी वैभव के दर्शन कराते हैं। जो एक अनुपम छटा विखेरें हुए है। विश्वप्रसिद्ध दशावतार मंदिर देवगढ व वहाँ के जैन मंदिरों की श्रृंखला, तालबेहट के समीप झूमरनाथ, देवामाता, पाली के समीप नीलकंठेश्वर, मध्य-प्रदेश की सीमा पर स्थित अमझरा घाटी, बार के तालाब की सीढियां जो जिन्नों द्वारा बनवाई गई बाबा सदनशाह, सुम्मेरा तालाब, सौंरई मडावरा, बानपुर, बार तालबेहट के किला जो हमारे जनपद की अमूल्य धरोहरें ही हैं,अनेक तीर्थक्षेत्र हमारे जनपद की अमूल्य धरोहर है, मंदिर हमारी विरासत के ही अंग हैं। ललितपुर जिला अपने आप में इतिहास का एक सुनहरा अध्याय है। यह क्षेत्र धार्मिक और पुरातात्विक पर्यटन का हब बनने की असिमित सम्भावनायें रखता है। प्राचीन इमारतें और धरोहर स्थल हमारे पूर्वजों की निशानी हैं, इसलिये हमसब को देश की प्राचीन संस्कृति, रितिरिवाज, परम्पराओं को सामूहिक प्रयास कर इसकी संवेदनशीलता और इसके महत्व को समझना होगा और संरक्षण के लिये वचनबद्ध होना होगा और जैसी हमको हमारे पूर्वजों ने विरासत सौंपी है वैसी ही हमको आने वाली पीढियों को सौंपना है। प्राचीन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध ललितपुर जनपद 1 मार्च को अपने 51 वर्ष पूरे कर रहा है। इस लंबे सफर में जनपद को कई बड़ी योजनाओं की सौगात मिली तो दूसरी ओर पुरानी समस्याओं से आज भी जूझ रहा है। बंटवारे के दौरान खेत खलिहानों में सिमटा ललितपुर आज अपनी बड़ी-बड़ी इमारतों में तब्दील हो चुका है। झांसी से अलग होने के बाद ललितपुर में शहरीकरण को बढ़ावा मिला है।

# आलेख

## ललचाई नजरों से मांसाहार के लिए आतुर

रजनीश कपूर

आप सभी के भी ऐसे दोस्त व रिश्तेदार होंगे जो किसी शादी या नये साल के दावत में चिकन-मटन न मिलने पर ऐसा कहते हों,%क्या घास-कूड़ा खिला दिया।' औसत दर्जे के लोग बटर चिकन, कढ़ाई चिकन, बोनलेस चिकन, चिकन कोफ्ता, मुर्गा दो प्याजा या मटन की तमाम किस्में खाते हैं। वरना भुना मुर्गा लार टपका कर निगल जाते हैं। जो जरा ज्यादा फैशनेबल हैं उनको सुबह नाश्ते में सासेज, सलामी आदि खाने की आदत पड़ जाती है, लंच में चिकन, लैम्ब सूप या प्रॉन (झींगा) वगैरह। डिनर में लॉबस्टर, फिश या कोई और चीनी या समुद्री खाना। भारत के सभी महानगरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों में यह देखकर आश्चर्य होता है कि किस ललचाई नजरों से लोग मांसाहार के लिए आतुर रहते हैं। जिनके पास साधन हैं वो यह सारी वस्तुएं आयातित मांस से पकाते हैं या पांच सितारा होटलों में ही खाते हैं। वरना दिल्ली के कनॉट पैलेस व अन्य इलाकों में कई रेस्टोरेंट व ढाबे हर शहर और राजमार्ग पर बिखरे पड़े हैं जहां सलाखों में मुगरे की मसाला लगी टांगे टंगी रहती हैं। पर अब जरा दूसरी तरफ देखिए अगर आप देश के बहुत ही संपन्न लोगों की संगति में बैठे हों तो आप पाएंगे कि बहुत से बड़े लोग मांसाहार छोड़ते जा रहे हैं। और तो और अमेरिका और यूरोप के देश जहां दस वर्ष पहले तक शाकाहार का नाम तक नहीं जानते थे, लेकिन आज काफी तादाद में मांसाहार पूरी तरह छोड़ चुके हैं। जानते हैं क्यों? पहली बात तो यह कि मानव शरीर शाकाहार के लिए बना है मांसाहार के लिए नहीं। यह बात हम अपनी तुलना शाकाहारी और मांसाहारी पशुओं से करने पर समझ सकते हैं। शेर, कुत्ता, घडियाल व भेडिया मांसाहारी हैं। गाय, बकरी, बंदर व खरगोश शाकाहारी हैं। मांसाहारी पशुओं को कुदरत ने दोनों जबड़ों में तेज नुकीले कीलनुमा दांत और खतरनाक पंजे दिए हैं। पर गाय और बंदर की ही तरह मानव को कुदरत ने ऐसे दांतों और पंजों से वंचित रखा है, क्यों? मांसाहारी पशु जैसे कुत्ता जीभ से पसीना टपकाता है। इसलिए हांफता रहता है। शाकाहारी पशुओं और मानव के बदन से पसीना टपकता है। मांसाहारी पशुओं की आंतें काफी छोटी होती है ताकि मांस जल्दी ही पखाने के रास्ते बाहर निकल जाए जबकि शाकाहारी जानवरों और मानव की आंतें अनुपात में तीन गुनी बड़ी और ज्यादा घुमावदार होती है ताकि अन्न, फल, सब्जियों का रसा अच्छी तरह सोख ले। यदि आप मांसाहारी है तो आपने नोट किया होगा कि फ्रिज के निचले खाने में इतनी ठंडक होने के बावजूद मांस कुछ ही घंटों में सडने लगता है। फिर मानव शरीर की गर्मी में मांस के आंत में अटक-अटक चलने में इसकी क्या गति होती होगी, कभी सोचा आपने ? आपने कभी सड़क पर कुचला कुत्ता देखा है कितनी सी देर में उसमें से बदबू आने लगती है तो क्या हमारी आंत में पड़ा मांस तरोताजा बना रहता है। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि मांसाहारी पशुओं के आमाशय में जो तेजाब रिसता है वह शाकाहारी पशुओं और मानव के आमाशय में रिसने वाले तेजाब से बीस गुना ज्यादा तीखा होता है, ताकि मांस जल्दी गला सके। ऐसे तेजाब के अभाव में हमारे आमाशय में पड़े मांस की क्या हालत होती होगी? भारत जैसे देश में, बहुसंख्यक आबादी किसी न किसी रोग से ग्रस्त है। हमारे शरीर में तरह-तरह की बीमारियां पल रही हैं, तो जो जानवर काटे जा रहे हैं उनके वातावरण, भोजन और रखरखाव में जो नर्क से बदतर जिंदगी होती है, उससे कैसा मांस आप तक पहुंचता है? फिर आप तो जानते हैं कि भारत में कितना भ्रष्टाचार है। जिन भी इंस्पेक्टरों की ड्यूटी कसाईखानों में लगी होती है उनसे क्या आप राजा हरिशचंद्र होने की उम्मीद कर सकते हैं? या वक्त के साथ चलने वाला होशियार आदमी। कई बरस पहले दिल्ली के पांच सितारा होटल में पोषण विशेषज्ञों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ था। वहां दोपहर के भोजन के समय शोर मच गया। दुनिया भर से आए पोषण विशेषज्ञ डाक्टरों ने कहा कि लंच में जो मुर्गे परोसे गए वे सड़े हुए हैं। होटल के महाप्रबंधक तक खबर पहुंची। फौरन दौड़े-दोड़े बैंक्वट हॉल में आए। आयोजकों से माफी मांगी।

# राम तेरी गंगा मैली हो गई,पापियों के पाप ढोते-ढोते

संजय पराते

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि गंगा की जिस पवित्रता का वर्णन हमारे धार्मिक ग्रंथों में किया गया है, महाकुंभ की गंगा अब पवित्र नहीं रह गई है। बोर्ड की रिपोर्ट में बताया गया है कि संगम घाट पर मल से उत्पन्न कोलीफॉर्म की मात्रा प्रति 100 मिलीलीटर पानी में 12,500 मिलियन और शास्त्री पुल पर वह प्रति 100 मिलीलीटर पानी में 10,150 है, जो निर्धारित मात्रा 2000 मिलियन से 5-6 गुना ज्यादा है। जिस पानी के पीने योग्य होने का दावा मोदी योगी की सरकार कर रही है, वह पीने तो क्या, नहाने योग्य भी नहीं है। बोर्ड की इस रिपोर्ट पर नेशनल ग्रीन टिब्यूनल ने भी अपनी मुहर लगा दी है और ये दोनों एजेंसियां सरकारी एजेंसियां ही हैं। जब भी कुंभ की व्यवस्था और प्रबंधन पर सवाल उठे हैं, सरकार ने ऐसे सवाल उठने वालों को हिंदुत्व विरोधी, सनातन विरोधी, धार्मिक आस्थाओं पर हमला करने वाले ... और न जाने क्या क्या कहा है! अब मोदी-योगी सरकार को यह बताना चाहिए कि ये दोनों सरकारी निकाय क्या हिंदुत्व विरोधी और सनातन विरोधी हैं? इस महाकुंभ के आयोजन पर घोषित रूप से 7,300 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। अघोषित रूप से भी लगभग इतनी है। तो यह सवाल पूछा ही जाना चाहिए कि क्या यह राशि इतनी कम है कि तीर्थ यात्रियों को नहाने और पीने के लिए स्वच्छ पानी भी उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है? उल्लेखनीय है कि हमारे विज्ञान और तकनीक केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने यह दावा किया था कि 'पानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए' भारत के नाभिकीय अनुसंधान केन्द्रों द्वारा प्रयोग में लायी जा रही तकनीक का भी यहां इस्तेमाल करते हुए फिल्टरेशन प्लांट लगाए हैं। तो फिर ये तकनीक और प्लांट कहां गायब हो गए और लोगों को मल-प्रदूषित पानी में डुबकियां लगाकर पुण्य क्यों कमाना पड़ रहा है?

यह भी नहीं भूलना चाहिए कि वर्ष 2014 से मोदी सरकार द्वारा शुरू की गयी नमामि गंगे परियोजना में, विगत एक दशक में हजारों करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। गंगा शुद्धिकरण का काम भी कॉरपोरेट घरानों को ही सौंपा गया है, जिसके बारे में भाजपा-आरएसएस का सामान्य दृष्टिकोण यही है कि सरकारी क्षेत्र से निजी क्षेत्र कहीं ज्यादा बेहतर तरीके से काम करते हैं और संभव हो, तो सरकार चलाने का ठेका भी सीधे इन्हीं लोगों को सौंप दिया जाना चाहिए, (वैसे अप्रत्यक्ष रूप से अभी भी सरकार ठेके पर ही चल रही है!)। तब दस सालों में भी गंगा साफ क्यों नहीं हो पाई और परियोजना की हजारों करोड़ की राशि कहां गायब हो गई? सरकार का यह दावा अतिशयोक्तिपूर्ण है कि महाकुंभ में 35 करोड़ लोग पहुंचे हैं। लेकिन इतना तो सही है कि इस कुंभ का भी जिस प्रकार नफरत फैलाने और ध्रुवीकरण करने की राजनीति के लिए उपयोग किया गया है, यदि सरकारी दावे के आधा, 15 करोड़ भी इस कुंभ में पहुंचे हों, तो सरकारी खर्च प्रति व्यक्ति औसतन 500 रूपये बैठता है और किसी भी तीर्थ यात्री को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए यह राशि कम नहीं होती। कहीं ऐसा तो नहीं कि महाकुंभ में 50 करोड़ तीर्थयात्रियों के पहुंचने का दावा, जिसकी किसी भी तरह से पुष्टि नहीं होती, इस भारी भरकम आबंटन में सेंधमारी करने की सुनियोजित साजिश है?

ऐसा नहीं है कि गंगा के इस भीषण प्रदूषण की जानकारी राजनेताओं, सरकार और उसके अधिकारियों की नहीं थी। यदि ऐसा होता, तो प्रधानमंत्री एक साधारण तीर्थ यात्री की तरह डुबकी लगाते नजर आते, न कि विशेष सूट-बूट पहनकर। डुबकी लगाने में उनकी कायरता टीवी चैनलों पर साफ दिख रही थी कि सिर पानी में ही नहीं डूब रहा था! लेकिन सवाल दिल्ली और यूपी के चुनावों को अपनी डुबकी से प्रभावित करने का था, सो उन्होंने किया। प्रधानमंत्री की इस अर्थपूर्ण डुबकी का राष्ट्रपति सहित भाजपा-संघ के अन्य नेताओं ने भी इसी तरह अनुसरण किया। आम जनता की धार्मिक आस्थाओं का राजनैतिक दोहन करने के लिए संघ-भाजपा ने उन्हें नरक के कुंभ में भी डुबाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, क्योंकि श्रद्धालुओं की हर डुबकी से उनके पेट में कोलीफॉर्म (वास्तव में मल) के कुछ कीटाणु उनके पेट में जा रहे हैं, वरना इस वैज्ञानिक युग में पीने और नहाने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था करना कोई मुश्किल काम नहीं है। आखिरकार, किसी भी मेले में स्वच्छता का प्रबंध करना सरकार का प्राथमिक दायित्व होता है, जिसे पूरा करने में मोदी की केंद्र सरकार और योगी की राज्य सरकार, दोनों विफल रही है। अपनी इस विफलता को छिपाने के लिए वह दो काम कर रही है। पहला, संघ-भाजपा का आईटी सेल इस अवैज्ञानिक तर्क का प्रचार कर रहा है कि गंगा के पानी में अपने-आपको शुद्ध करने की क्षमता है। यदि ऐसा ही है, तो फिर नमामि गंगे परियोजना पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाता है। दूसरा, किसी अंजान विशेषज्ञ, जिसकी विद्वत्ता के बारे में किसी को कुछ नहीं मालूम, के अनुसंधान के हवाले से गंगा के पानी के कीटाणु रहित और शुद्ध होने का सर्टिफिकेट बांटा जा रहा है और अपनी ही सरकारी संस्था केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट पर प्रश्नचिन्ह लगाया जा रहा है। क्या मोदी-योगी की सरकार ने आम जनता की धार्मिक आस्थाओं के साथ खिलवाड़ करने के साथ ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नेशनल ग्रीन टिब्यूनल जैसी विशेषज्ञ संस्थाओं के खिलाफ भी युद्ध छेड़ने का फैसला कर लिया है?

(लेखक अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा के उपाध्यक्ष हैं।

# उद्योग,निवेश और रोजगार की स्वर्ण गाथा रचते मोहन

सत्येंद्र जैन, स्तंभकार



भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट सफलता पूर्वक संपन्न हुई है। आठ विश्व स्तरीय औद्योगिक सम्मेलन में राजधानी भोपाल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई यह पहली ग्लोबल इनवेस्टर मीट है । यह विक्रमादित्य सम पुरूषार्थी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रबल इच्छा शक्ति,दूर दृष्टि और आत्म बल का परिणाम है ।उन्होंने राजधानी भोपाल में इनवेस्टर सम्मेलन आयोजित करने का नवाचार किया है।भोपाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों को सम्पन्न करने हेतु विशाल कन्वेंशन संेटर निर्माण का संकल्प भी लिया है।राजधानी भोपाल में ग्लोबल इनवेस्टर समिट के सफल आयोजन हेतु भागीरथी, पुरूषार्थी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को साधुवाद है । जीआईएस में सरकार को 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं । विभिन्न एमओयू साइन किये गये हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 100 से अधिक एक्सपटर्स और उद्योगपतियों सहित करीब 25000 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की । इसमें 60 से अधिक देशों के निवेशक डेलीगेट भोपाल आए । जीआईएस में लगभग 5000 बिजनेस-टू-बिजनेस और 600 बिजनेस-टू-गर्वनमेंट मीटिंग्स आयोजित हुई ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सहित दस केंद्रीय मंत्री गणों ने इस ग्लोबल इनवेस्टर मीट में भागीदारी की । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टेक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी सेक्टर पर फोकस करने का मंत्र मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार और उद्यमी मित्रों को दिया है । 78000 करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट प्रपोजल टेक्नोलॉजी सेक्टर में प्राप्त हुए हैं ।मध्यप्रदेश में टूरिज्म की अपार संभावनाएँ हैं । टूरिज्म क्षेत्र में 65000 करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट प्रपोजल प्राप्त हुए हैं। टेक्सटाइल सेक्टर में मध्यप्रदेश को केंद्र की ओर से धार में एक टेक्सटाइल प्रोजेक्ट मिला है ।नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 5.72 लाख करोड़ रुपए,ऊर्जा क्षेत्र में 1.47 लाख करोड़ रुपए,उद्योग विभाग में 8.61 लाख करोड़ रुपए, खनिज क्षेत्र में 3.22 लाख करोड़ रुपए,नगरीय विकास विभाग में 1.97 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं ।पिछली सभी रीजनल इंडस्ट्रियल कानक्लेव,रोड शो और माइनिंग कानक्लेव और इस जीआईएस के सभी प्रस्ताव का कुल योग तीस लाख



सतहत्तर हजार करोड़ रुपए है । इनमें 17.34 लाख रोजगार सृजित होंगे । मध्य प्रदेश की औद्योगिक विकास दर लगभग 24 प्रतिशत है ।अगले पाँच वर्षों में राज्य की सकल घरेलू उत्पाद में उद्योग का योगदान 2.9 लाख करोड़ रुपए से दुगुना बढ़ाकर 6 लाख करोड़ रुपए करने का लक्ष्य मोहन सरकार ने लिया है । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उद्योग क्षेत्र में पहला नवाचार क्षेत्रीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव (आरआईसी) का आरंभ कर किया ।इस नवाचार से संभाग स्तर पर औद्योगीकरण और निवेश को और अधिक प्रोत्साहन दिया गया। इससे मध्य प्रदेश का सर्व समावेशी विकास होगा । स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने से पलायन में कमी होगी ।क्षेत्रीय असंतुलन कम होगा ।आरआईसी के बहुत अच्छे परिणाम और अनुभव का प्रतिफल जीआईएस की सफलता में स्पष्ट रूप से झलक रहा है । मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाने और निवेशकों का हौसला बढ़ाने के लिए निवेश नीतियों में कई बदलाव किए हैं ।18 नई निवेश नीतियों की उद्योग जगत ने सराहना की है ।इनमें निवेश मूल्य के 52 प्रतिशत की आर्थिक सहायता सब्सिडी देने का संकल्प मोहन सरकार ने लिया है ।मध्य प्रदेश के नागरिक भी उद्यम स्थापित कर इन नवीन 18 नीतियों से लाभ प्राप्त करेंगे ।मोहन यादव सरकार ने वर्ष-2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया है । मोहन सरकार ने एक नया उद्योग अधिनियम 'उद्योग की कल्पना एवं परिसंचालन' बनाया है । यह मोहन सरकार का एक क्रांतिकारी कदम है, नवाचार है ।अनेक राज्यों की तुलना में मध्य प्रदेश का इन्वेस्टमेंट पोर्टल यूजर फ्रेंडली है ।डेलिगेट्स ने इसकी तारीफ की है । इसे और यूजर फ्रेंडली बनाया जा रहा है। जैसे ही कोई इन्वेस्टर मध्य प्रदेश में आता है,शासन के अधिकारी इनवेस्टर को बार बार संपर्क करेंगे कि कैसे वह निवेश लक्ष्य तक पहुंचे और उनकी निवेश यात्रा में सहयोगी बनें । रचनाधर्मी और नवाचारी गुणों से परिपूर्ण मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर सबमिट के लोगों को भी नया रूप दिया गया है ।गणित अंक अनंत, इनफिनिटी से उद्धृत है । उद्योग,निवेश और रोजगार की अपार संभावनाओं वाले प्रदेश के रूप में अत्यधिक आकर्षक बनाया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प आत्मनिर्भर भारत और वर्ष 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मध्य प्रदेश महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है ।आगामी समय में मध्य प्रदेश देश के प्रथम पाँच शीर्ष राज्यों में सम्मिलित होगा । सम्राट विक्रमादित्य सम यशस्वी, प्रतापी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उनके मंत्रीगण मध्य प्रदेश में उद्योग, निवेश और रोजगार की स्वर्ण गाथा को रच रहे हैं ।

# श्री वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर की वार्षिक यात्रा भक्तिभाव से सम्पन्न



**छत्रपति संभाजीनगर (विश्व परिवार)।** औरंगाबाद के बाभुलगांव पिराचे के श्री 1008 वासुपूज्य दिगंबर जैन, बुधवार 26 फरवरी को सिद्धांत चक्रवर्ती आचार्य हेमसागरजी महाराज के सान्निध्य में वार्षिक यात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। साथ ही इस अवसर पर भगवान वासुपूज्य का जन्म कल्याणक महोत्सव भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सबसे पहले सुबह के 9 बजे बाभुलगांव गांव से भगवान वासुपूज्य की तस्वीर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस जुलूस में महिलाओं ने केशरी वस्त्र और पुरुषों ने सफेद वस्त्र पहने थे। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। विभिन्न स्थानों पर रंगोली भी बनाई गई। इसके बाद पूनम चंद कलावती पाटनी परिवार की ओर से धर्म ध्वजारोहण कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। आचार्य हेमसागरजी महाराज का पाद-पूजा करने का सौभाग्य वर्धमान रिखबचंद पाटनी परिवार लोनीवाला को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का संचालन राजाबाजार जैन मंदिर के पूर्व सचिव अशोक अजमेरा और प्रकाश पहाड़े ने किया। यात्रा दौरान भगवान के इंद्र-इंद्राणी बनने का सौभाग्य श्रीमती रीना नितिन कुमार अजमेरा परिवार को प्राप्त हुआ। शांति मंत्र का सम्मान महेंद्र कुमार नीलेश कुमार सागर कुमार पांडे परिवार श्रीरामपुरा वाला को मिला। साथ ही जलाभिषेक श्रद्धा प्रीतम पांडे द्वारा, इक्षुरास ताराचंद माणिकचंद अजमेरा परिवार द्वारा, आम्ररास शांतिलाल गुलाबचंद पहाड़े द्वारा, चिकुरस यश संतोष शिखरचंद पाटनी द्वारा, अनारारास अशोक आशीष स्वप्निल छाबड़ा द्वारा, प्रवीण मोसंबी रास गंगवाल सुनील द्वारा, दुग्धाभिषेक सोनाली नितिन कुमार चूड़ीवाल द्वारा, नितिन पलाश चूड़ीवाल द्वारा, घी अभिषेक स्वप्निल दिलीप पांडे द्वारा, सेफ रस पद्मा देवी ठोले द्वारा, सर्व औषधि सो अर्चना रविंद्र कुमार कासलीवाल परिवार द्वारा, चौथा कलश श्रीमती शर्मिला मनोज कासलीवाल द्वारा, सुगंधी कलश अभिषेक तिलोकचंद चूड़ीवाल द्वारा, पुष्प वर्षा महेंद्र नीलेश सागर पांडे परिवार द्वारा, मंगल आरती पांडे परिवार की बेटी परिवार द्वारा, पंचामृत अभिषेक अशोक कासलीवाल द्वारा आदि किया गया। भगवान का पालना हिलाने का सौभाग्य श्रीमती कुसुमबाई रमेशचंद अजमेरा परिवार को प्राप्त हुआ। अर्चना फल आसाराम दुलीचंदजी अजमेरा परिवार की पुत्रियों की ओर से भगवान का पंचामृत अभिषेक किया गया। इस अवसर पर अजमेरा परिवार के पौत्र फुलचंदजी अजमेरा को आचार्य हेम सागरजी महाराज को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महाराज श्रोताओं को भगवान वासुपूज्य के बारे में बताया। इस अवसर पर कचनेर क्षेत्र के ट्रस्टी श्री सुभाष बोहरा, कार्यकारिणी सदस्य शांतिलाल पहाड़े, राजेंद्र कासलीवाल, अशोक अजमेरा आदि उपस्थित थे। उपस्थित लोगों को महाप्रसाद प्रदान करने का सौभाग्य श्रीरामपुरवाला के महेंद्र नीलेश सागर पांडे परिवार को प्राप्त हुआ। नरेन्द्र अजमेरा व पीयूष कासलीवाल ने बताया कि यात्रा महोत्सव को सफल बनाने में दीपचंद अजमेरा, शांतिलाल झांझरी, प्रकाश अजमेरा, दिलीप अजमेरा, जितेन्द्र अजमेरा, पवन झांझरी, भरत अजमेरा, पारस झांझरी, सतीश अजमेरा, रितिक अजमेरा, आनन्द अजमेरा, पारस अजमेरा, सुरेश अजमेरा व मनोज अजमेरा ने अपना योगदान दिया।

# बीज के अंकुरण से ही पौधा बनता है जो धीरे-धीरे विशाल वृक्ष का रुप धारण करता है : मुनि श्री समतासागर जी महाराज



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** बीज के अंकुरण से ही पौधा बनता है जो धीरे-धीरे विशाल वृक्ष का रुप धारण करता है नदी जब अपने उद्गम स्थल से निकलती है तो उसका स्वरुप एकदम छोटा होता है लेकिन धीरे-धीरे जब वह आगे बड़ती है उसका वृहद स्वरूप सामने आता है। उपरोक्त उद्गार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने लघु सम्मेदशिखर तीर्थ चंद्रगिरी से विहार करने के उपरांत राजनांदगांव में प्रात:कालीन धर्म सभा में व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि राजस्थान से आचार्य गुरूदेव विद्यासागरजी महामुनिराज अकेले ही चले थे धीरे-धीरे उनका संघ बढ़ता गया और जब 1983 में श्री सम्मेदशिखर जी पहुंचे तो वंहा पर क्षुल्लक एवं ऐलक दीक्षा हुई तत्पश्चात ईसरी में मुनिदीक्षा संपन्न होकर सन्1984 में आचार्य गुरूदेव विद्यासागर जी महा मुनिराज के साथ नव दीक्षित मुनि के रुप में राजनांदगांव आया था और उस समय लगभग 15 दिन का प्रवास रहा था उन्होंने कहा कि उस समय का राजनांदगांव मध्यप्रदेश का अंग हुआ करता था और आज छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों में राजनांदगांव का नाम है मुनि श्री ने कहा कि यह भी आचार्य श्री के उन छत्तीस गुणों का ही प्रभाव था जो अलग से छत्तीसगड़ राज्य बन गया। मुनि श्री ने उस समय की समृतियों को ताजा करते हुये कहा कि आचार्य श्री का उस समय दुर्ग में तीस दिन का प्रवास रहा था तथा दुर्ग से नवीन कुमार वर्तमान में मुनि श्री प्रमाणसागर जी, शारदा जो कि उज्जवलमति माताजी है तथा ऋषभ पाटनी जो कि क्षु.प्रसन्न सागर थे इन तीनों ने राजनांदगांव से ही वृत लेकर आगे बड़े। उन्होंने कहा जैसे बीज की यात्रा धीरे धीरे आगे बड़ विशाल वटवृक्ष का रुप धारण कर लेता है, बूंद जैसे सागर बन जाती हे, अणु जैसे वृहाण्ड का स्वरुप धारण कर लेता है, उसी प्रकार हमें अपनी आत्मा को वृहद स्वरूप देकर परमात्मा बनाने का पुरुषार्थ करना चाहिए। मुनि श्री ने कहा कि परमात्मा कोई अलग नहीं है हमारी तुम्हारी आत्मा ही पवित्र होकर के परम आत्मा बनती है, मुनि श्री ने प्रकृति विकृति तथा संस्कृति इन तीन शव्दों की व्याख्या करते हुये कहा कि दूध का दूध के रुप में पड़े रहना अर्थात अपने स्वभाव में बने रहना प्रकृति है, वहीं दूध का फट जाना विकृति है, और दूध को जमाकर उसका दही बना मंथन कर उससे नवनीत प्राप्त कर लेंना हमारी भारतीय संस्कृति है, उन्होंने कहा एक गृहस्थ अपनी संस्कृति का पालन करता है। उन्होंने कहा कि आप सभी के जीवन में समयसार आऐ और निराकुलता के साथ यह आत्मा शुद्ध परमात्मात्व तत्व को प्राप्त करे। मंच पर मुनि श्री पवित्रसागर महाराज ऐलक श्री निश्चयसागर महाराज ऐलक श्री निजानंद सागर महाराज सहित क्षु. श्री संयम सागर महाराज विराजमान थे।

प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन ने बताया प्रात:कालीन बेला में मुनिसंघ का राजनांदगांव में आगमन हुआ सकल जैन समाज राजनांदगांव ने भव्य मंगल आगवानी की। **-अविनाश जैन**

# मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ससंघ का हुआ थूवोनजी आगमन

**जगत कल्याण की कामना के लिए हुईं महा शान्ति धारा।**

**घन धर्म अर्जन करना तो सुधा सागर जी ने सिखा दिया अब जीव अर्जन करना सीखे : मुनिश्री**



**अशोक नगर (विश्व परिवार)।** अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य परम पूज्य मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज ससंघ का भव्य आगमन जिले के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में हुआ जहां थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू उपाध्यक्ष संजीव श्रागर महामंत्री मनोज भैसरवास मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगलदीप मंत्री अनिल बंसल सहित प्रमुख जनो ने मुनिश्री की भव्य आगवानी की।

मुनि श्री के सान्निध्य में जगत कल्याण की कामना के लिए महाशान्तिधारा का आयोजन किया गया समारोह के प्रारंभ में मंगलाष्टक युवा वर्ग के संरक्षक शैलेन्द्र श्रागर दारा सम्पन्न कराया गया इसके बाद परम पूज्य मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज के श्री मुख से हुई साथ ही एक सौ आठ रिद्धिमंत्रो से भगवान का अभिषेक किया गया जिसका सौभाग्य नीमचके न्यायाधीश कुलदीप जैन कमेटी उपाध्यक्ष संजीव श्रागर शिरोमणि संरक्षक शालू भारत कमेटी के परम संरक्षक विनोद मोदी सहित अन्य प्रमुख जनो को मिला।

इस दौरान धर्म सभा में मध्य प्रदेश महा सभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज का वर्षो पूर्व आगमन हुआ था आज परम पूज्य बदले हुए लग रहे हैं एक ऐसे तपस्वी संत जो एक कोने में बैठ कर तपस्या में लीन रहते थे आज जिस तरह से परम पूज्य मुनि श्री की प्रेरणा से जीव दया और खासकर पक्षियों की चिकित्सा के क्षेत्र में काम किया जा रहा है वह हम सब के लिए प्रेरणापद है आने वाले समय में इस अंचल को भी आपकी प्रेरणा से सौगात मिले ऐसी भावना है इस दौरान युवा वर्ग के संरक्षक शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की प्रेरणा से दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में कार्य प्रगति पर है रोज रोज अशोक नगर पिपरई मुंगावली शाढ़ौरा से युवाओं के मंडल आते हैं।

**दान करना सीख लिया अब दया के क्षेत्र में काम करें- मुनिश्री :** इस अवसर पर धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज ने कहा कि वीतराग शासन में जन्म लेने का अवसर मिला है जन्म मरण की इस यात्रा में बहुत कुछ हमें करना है आपको धर्म करना तो परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने सिखा दिया दान करना भी आपने पूज्य श्री से सीख लिया अब आपको इससे आगे चलकर दया भाव को जीवन में उतारना है उन्होंने कहा कि जीवन का सुख जीवों से मिलता है इसलिए हम जीवों की चिंता करना सीखें दूसरे जीवों के प्रति हमारे अंदर दया भावना होना चाहिए अच्छे लोग की संगति मिलने से हम अच्छी चीज़ें को जीवन में लये।

**थूवोनजी तीर्थ देखकर आनंद आ गया- न्यायाधीश कुलदीप जैन :** इस अवसर पर न्यायाधीश कुलदीप जैन ने कहा कि आज दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी को देख कर ऐसा लग रहा है कि हमारे तीर्थो की व्यवस्था थूवोनजी जैसे होना चाहिए थूवोनजी आप लोगों ने बहुत ही अच्छी तरह से सजाया सभारा है वर्षो पहले इस तीर्थ को जिसने देखा होगा आज वह थूवोनजी को पहचानने में आनंदित होगा इस दौरान कमेटी की ओर से अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष संजीव श्रागर शालू भारत पूर्व मंत्री विनोद मोदी मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा मंत्री अनिल बंसल प्रवीण मामा गोलू जैन राहुल सिंघ ई सहित अन्य प्रमुख जनो ने किया। **-विजय धुर्रा**

# लाखों ईनामी 7 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 32 लाख रुपए के 7 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इनमें एक दंपती भी शामिल है। 3 माओवादियों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम है। ये तीनों नक्सलियों की बटालियन नंबर 1 के सदस्य हैं। नक्सली हिड़मा और देवा के साथ काम कर चुके हैं। जबकि अन्य 4 नक्सली 2-2 लाख रुपए के इनामी हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। दरअसल, आत्मसमर्पित नक्सलियों में रव्वा मूके उर्फ भीमे और हेमला हिड़मा एक ही टीम में काम करते थे। दोनों को एक-दूसरे से प्यार हुआ। फिर दोनों ने बड़े लीडरों से अनुमति ली और शादी कर ली। लेकिन नक्सली लीडर्स ने इन्हें बच्चे की इजाजत नहीं दी। ये दोनों अपना घर बसाना चाहते थे। इसलिए सरेंडर करने का मन बनाया। नक्सल संगठन में रहते ये दोनों इंसास जैसे हथियार चलाते थे। मीनपा, टेकलगुडेम में जवानों पर हमला कर करीब 38 जवानों की हत्या में शामिल थे। इन दोनों पर छत्तीसगढ़ पुलिस ने 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। दोनों ने अब हथियार डाल दिए हैं।

# नवागढ़ महोत्सव आज से, होंगे विविध आयोजन

## प्रागैतिहासिक नवागढ़ में होगा महामस्तकाभिषेक का भव्य आयोजन

**अखिल भारतीय महिला सम्मेलन, तीर्थक्षेत्र कमेटी के पदाधिकारियों का सम्मेलन एवं वर्णी विकास संस्थान का होगा सपथ ग्रहण समारोह**



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** अरनाथ भगवान के अतिशय से सम्पन्न प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ का नवागढ़ महोत्सव 46 दिवसीय जाप्यानुष्ठान, अरनाथ मंडल विधान का समापन, सामूहिक पूर्णाहुति के साथ सभी विधानकर्ता परिवारों की प्रमुख उपस्थिति में क्षुल्लक श्री नयसागर जी महाराज के सान्निध्य में 1 व 2 मार्च को किया जाएगा। इस मौके पर वर्ष में एकबार होने वाला मूलनायक अरनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक अगाध श्रद्धा के साथ किया जाएगा। ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत भैया जी के निर्देशन में ब्रह्मचारिणी मीना दीदी के सानिध्य में यह आयोजन सानंद संपन्न हो रहा है, जिसमें देश एवं विदेश के श्रावक -श्राविकाओं ने विधान के माध्यम से पुण्य अर्जन किया है।

होंगे विविध आयोजन = कमेटी के प्रचारमंत्री डॉ सुनील संचय ने बताया कि इस मौके पर अखिल भारतीय महिला सम्मेलन, वर्णी संस्थान विकास सभा का शपथ ग्रहण समारोह एवं तीर्थ क्षेत्र के पदाधिकारियों का सम्मेलन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जम्बूप्रसाद गाजियाबाद एवं संतोष पेंडारी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न किया जाएगा। तंबोला प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र होगी। इस मौके पर अध्यक्ष श्री सनत कुमार एडवोकेट, महामंत्री वीरचंद जी नेकोरा, मंत्री सुरेंद्र जैन सोजना, अशोक जैन मैनवार, कोषाध्यक्ष पंडित इंद्र कुमार शास्त्री, पंडित मनीष संजू, धीरेन्द्र जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**विशेष सौभाग्य :** इस अनुष्ठान के समापन पर ही विशेष धातु का चांदोबा 64 चंवर एवं पांच छत्रों सहित स्थापित किया जाएगा, जिसका सौभाग्य श्री हीरालाल जी जैन एवं एडवोकेट सनत कुमार जी कुम्हैड़ी वाले ललितपुर ने प्राप्त किया है। गौ संरक्षण केंद्र का शुभारंभ = जिसका सौभाग्य श्री अंकित जी भारती जी अरिहंत शिवानी परिवार खेकड़ा नोएडा ने प्राप्त किया है। इस अवसर पर कई धार्मिक कार्यक्रम भी संपन्न किए जाएंगे। इस आयोजन में होने वाले कार्यक्रमों में आप सभी का सानिध्य समारोह की गरिमा बढ़ाएगा।

# एक विदेशी भक्त की अनूठी भक्ति : आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के दर्शन करने इंग्लैंड के पीटर बटलर मुंबई में पधारे : मुनी श्री सिद्धसागर जी महाराज



**मुंबई (विश्व परिवार)।** आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी के परम शिष्य श्रमण मुनी श्री सिद्धसागर जी महाराज ने कहा की आचार्य विशुद्धसागर जी महाराज के दर्शन करने इंग्लैंड के पीटर बटलर मुंबई में पधारे है। मुंबई के जैन मंदिरो में गुंजा णमोकार मंत्र। इंग्लैंड के पीटर बटलर ने आचार्य विशुद्धसागर जी महाराज जी आशीर्वाद लिया। इंग्लैंड के पीटर बटलर ने आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी के परम शिष्य श्रमण मुनी श्री सिद्ध सागर महाराज जी को णमोकार मंत्र सुनाया। पंढरपूर पंचकल्याणक संपन्न करके आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर जी महाराज सहित 25 मुनीराजों का आगमन मुंबई में हुआ है। मुंबई के अनेक स्थानों पर आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी ससंघ का मंगल विहार हुआ।

आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी ससंघ के सानिध्य में सिरसाड मुंबई में 28 फरवरी 2025 से 5 मार्च 2025 तक पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन किया है। 28/02/25 को सुबह आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश पंचकल्याणक महोत्सव स्थली सिरसाड़ मुम्बई में हुआ। श्रमण मुनी श्री सिद्धसागर महाराज जी ने कहा कि आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ के आगमन से मुंबई में जैनों का जन सैलाब देखने को मिला। सिरसाड़ मुंबई में 2 मार्च 2025 को दोपहर 1 बजे से भव्य जैनेश्वरी दीक्षा प्रारंभ होगी।

दीक्षार्थी भैया- बा. ब्र. अंकुर भैया जी नागौर (राजस्थान)। बा. ब्र. मयंक भैया जी गोंदिया (महाराष्ट्र)। ब्र. गणेशी लाल जी गुनौर (मध्य प्रदेश)। ब्र. यशवंत भैया जी रामगढ़ (राजस्थान)। ब्र. अनिल भैया जी गुवाहाटी आसम जी।

समाधीस्त गणाचार्य विरागसागर जी महाराज के शिष्य, अध्यात्मयोगी, श्रमण दिगंबराचार्य, शताब्दी देशना चार्य, चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महामुनिराज के कर कमलों से पांच मुनि दीक्षाये होने जा रही है। यु ट्यूब पर रवी भैया जी कि आहार चर्या का व्हिडीओ देखकर इंग्लंड से पीटर बटलर जी आचार्य भगवन विशुद्ध सागर महाराज जी के दर्शन करने एवं मुनी दिक्षा देखने हेतु भारत आये। इंग्लैंड के पीटर बटलर जी कि दिगंबर मुनी के प्रती सच्ची श्रद्धा का दृष्य देखने को मिला। **-अभिषेक अशोक पाटील**

# महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कर्मचारी प्रशिक्षण केन्द्रों का आधुनिकीकरण




**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने कर्मचारियों के सतत् विकास और दक्षता में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में, महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के मार्गदर्शन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 9 प्रमुख प्रशिक्षण केंद्रों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिससे रेलवे संचालन की गुणवत्ता और संरक्षा मानकों में सुधार हो रहा है। इन प्रशिक्षण केंद्रों में प्रतिमाह लगभग 15 हजार मानव दिवस का प्रशिक्षण कर्मचारियों को उपलब्ध कराकर आधुनिक व गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। ये सभी प्रशिक्षण केंद्र विभिन्न विभागों से संबंधित तकनीकी एवं प्रबंधकीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हैं, जिससे कर्मचारियों की दक्षता और व्यावसायिक कुशलता में वृद्धि होती है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत इन सभी प्रशिक्षण केंदो में (1.) जोनल मल्टी डिसिप्लिनरी ट्रेनिंग सेंटर, बिलासपुर-क्षमता 170 प्रशिक्षणार्थी/ प्रतिदिन (2.) डिविज़नल ट्रेनिंग सेंटर (इलेक्ट्रिक लोको), उसलापुर, बिलासपुर-क्षमता 330 प्रशिक्षणार्थी/ प्रतिदिन (3) जोनल सिग्नल एंड टेलीकॉम ट्रेनिंग सेंटर, नैनपुर, नागपुर-क्षमता 56 प्रशिक्षणार्थी/ प्रतिदिन (4) जोनल सिविल इंजीनियरिंग ट्रेनिंग सेंटर, नैनपुर, नागपुर-क्षमता 30 प्रशिक्षणार्थी/ प्रतिदिन (5) डिविजनल पी-वे ट्रेनिंग सेंटर, बिलासपुर-क्षमता 28 प्रशिक्षणार्थी/ प्रतिदिन (6) डिविजनल ट्रेनिंग सेंटर (ट्रैफिक), भिलाई/ रायपुर-क्षमता 23 प्रशिक्षणार्थी/ प्रतिदिन (7) डिविजनल मल्टी डिसिप्लिनरी ट्रेनिंग सेंटर, नागपुर - डिविजनल पी-वे ट्रेनिंग सेंटर, डोंगरगढ़,डिविजनल ट्रेनिंग सेंटर (ट्रैफिक), डोंगरगढ़, डीजल ट्रैक्शन ट्रेनिंग सेंटर, मोतीबाग/ नागपुर कुल क्षमता-125 प्रशिक्षणार्थी/ प्रतिदिन (8) वर्कशॉप बेसिक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, वैगन रिपेयर शॉप, रायपुर-क्षमता 250 प्रशिक्षणार्थी/ प्रतिदिन तथा (9) वर्कशॉप बेसिक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, मोतीबाग, नागपुर-क्षमता 30 प्रशिक्षणार्थी/ प्रतिदिन शामिल है।

# भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज ने कहा- सद्गुरू बिना संयम और सुख की प्राप्ति नहीं होती

**विवेक विहार समाज को प्राप्त हुआ 30 वाँ गुरु उपकार दिवस मनाने का सौभाग्य**



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** संघ शिरोमणि भावलिगी संत विशाल चतुर्विध संध अधिनायक आचार्य श्री 204 विमर्शसागर जी महामुनिराज ने अपने गुरुवर के महान उपकारों को सारण करते हुए गुरु उपकार दिवस मनाया। राजधानी दिल्ली की विवेक विहार जैन समाज को गुरु चरणों में बैठकर गुरुवर का 30 वाँ गुरु उपकार दिवस मनाने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ।

20 वीं सदी का अंतिम पड़ाव- सन् 1996 में 23 फरवरी को पन्ना जिले के देवेन्द्रनगर शहर में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा के मध्य 13 भव्यात्माओं के साथ शुद्धोपयोगी संत सुरिंगच्छाचार्य 108 श्री विरागसागर जी महामुनिराज ने भावलिंगी संत के पूर्वनाम राकेश जैन को बनाया था ऐलक विमर्शसागर जीमहाराज अपने जीवन की प्रथम संयम दीक्षा दिवस को समस्त संघ के साथ सम्पूर्ण समाज बन्धुओं ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाया।

इस अवसर पर आचार्य श्री विराग सागर जी महामुनिराज के चित्र का अनावरण- दीप प्रज्वलन एवं अर्ध समर्पण किया गया। गया। आचार्यश्री का पादप्रक्षालन समाज श्रेब्धियों के साथ बाराबंकी से पधारे श्री महावीर जैन गंगवाल द्वारा किया गया गुरुवर के कर कमलों में श्रीमति अनीता जैन द्वारा शास्त्र भेंट किया गया। विवेक विहार महिला मण्डल द्वारा सुसज्जित अए द्रयों से गुरुवर की महामह पूजा रचाई गयी।

अपने गुरुवर के असीम उपकारों को स्मरण करते हुए आचार्य श्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि हटता है अज्ञान जहाँ, हो चारित्र महान वहाँ। कर्म नाशिनी दीक्षा ले, बनता है भगवान यहाँ। सद्गुरु बिन नौका हो हो., भव पार न आए रे॥ जीवन है पानी की बूंद, कब मिट जाए रे।1)

तीनों लोकों में यदि सबसे दुर्लभ कोई है तो वे हैं सद्गुरु। क्योंकि स्वर्ग के भी देवता मध्यलोक की राह देख रहे हैं क्योंकि सद्गुरु एकमात्र मध्यलोक में ही मिलते हैं। आज का दिन सद्गुरु के उपकारों का है। हम भी आपकी ही तरह जीवन जी रहे थे। विद्यार्थी जीवन की शिक्षा ही प्राप्त कर रहा था परन्तु धर्म का संस्कार नहीं था। बन्धुओ ! एक बात अवश्य ध्यान रखना, शिक्षा वही सही है जो संस्कारों तक ले जाए। परम पूज्य आचार्य गुरुवर -श्री विरागसागर जी महामुनिराज का सानिध्य मिला और शिक्षा की ओर बढ़ते मेरे कदम संस्कारों की ओर बढ़ गए। वर्तमान में इस धरा पर असंयम का बोलवाला है, हर जगह असंतोष की बाढ़ आ रही है। यही कारण है कि आज व्यक्ति दु:खी है, परेशान है, रोगों से ग्रसित है। इन सभी व्याधियों से यदि दूर होना है तो उसका एक मात्र उपाय है- संयम। आज गुरुवर नै मुझे वह सर्वोच्च निधि प्रदान की जो तीनों लोकों में दुर्लभ है, जो सम्पूर्ण दु:खों से मुक्त करने वाली है। आज तो गुरुवर के उपकारों को स्मरण करने का शुभ दिवस है। परम पूज्य गुरूवर के चरणों में आज अनंत बार नमोस्तु है अनंत बार वंदन है। यही भावना है कि गुरुवर आपने जो पतवार मुझे दी है वह निर्वाण पर्यंत मुझसे न छूटे।

धरा पर जिनधर्म का प्रवर्तन हुआ था। और भव्य आत्माओं को आत्म कल्याण का मार्ग प्राप्त हुआ। आज का दिन हमें जीवनभर याद रहना चाहिए और प्रतिवर्ष इस धर्मतीर्थ प्रवर्तन दिवस को मनाना चाहिए।

किस प्रकार मनायें प्रथम धर्मतीर्थ प्रवर्तन- जिनागम पंथ दिवस हमें अपनी प्राचीनता को स्थायी बनाये रखने के लिए भगवान आदिनाथ स्वामी के कल्याणकों को भी महोत्सव पूर्वक मनाना चाहिए। भरत क्षेत्र में प्रथम धर्मतीर्थ प्रवर्तन के पावन दिवस को स्मरण करते हुए बहुत वृहद् स्तर पर न सही, मंदिर के स्तर पर ही कम से कम जिनधर्म के ध्वज को अवश्य फहराना चाहिए। पारस्परिक वार्ता के द्वारा जैन धर्म की प्राचीनता को जन-जन तक पहुँचाने के लिए जिनागम पंथ दिवस की शुभकामनाएं परस्पर देना चाहिए।

कब होगी हमारी तीर्थयात्रा सार्थक आचार्य श्री ने धर्म व तीर्थ रक्षा का पावन संदेश देते हुए कहा आप लोग तीर्थयात्रा को जायें, कभी आपको कोई व्यवस्थायें कमजोर दिखायी दें, आवश्यक सामग्री प्राप्त न हो पायें तो आप कभी भी उनकी आलोचना न करें अपितु उस तीर्थ पर वे सुविधायें- व्यवस्यायें स्वयं ही बनाने का अथवा बनवाने का विचार आगे बढ़ायें तो निश्चित ही आपकी तीर्थ यात्रा अवश्य सार्थक हो जावेगी।

आचार्य विमर्शसागर गुरु भक्त परिवार को मिला आयोजना का सौभाग्य- राजधानी दिल्ली चातुर्मास में नव निर्मित आचार्य विमर्श गुरु भक्त परिवार प्रवीन जैन (नजफगढ़ परिवार), पीयूष - अंकित (विमर्श परिवार), विनोद जैन (कृष्णा नगर), वरुण जैन वैभव- अनुराग (विमर्श अहिंसा परिवार), टीनू-मीनू जैन (कृष्णानगर), रवीन्द्र जैन (फॉम वाले) बाँवी हाजरी-शैलेष जैन, मनोज- पवन जैन राजगढ़, संजय जैन (विमर्श रूू परिवार) सौरभ जैन (स्वस्तिक), गौरव जैन आर्जव जैन, गौरव जैन बलवीर नगर, नरेन्द्र जैन (नेताजी) मनीष जैन (ङ्कस परिवार), मनोज ऋषभ जैन, राजेश जैन (रघुवर पुरा), इन सभी गुरुभक्तों को जिनागम पंथ दिवस की महा- आयोजना का परम सौभाग्य प्राप्त हुए।

24 फरवरी की प्रात: बेला में आचार्यसंघ की आहार चर्चा के पश्चात् प्रात: 11 बजे से विवेक विहार जैन मंदिर से भगवान आदिनाथ स्वामी के दिव्य रथ के साथ आत्वार्य संघ पद विहार करते हुए सुप्रसिद्ध यमुना स्पोर्टस् में पहुँचे। श्री जी की अभिषेक-शान्तिधारा के पश्चात भगवान के साथ आचार्य संघ भी समवशरण में विराजित हुए। गणधर के रूप में आचार्य श्री की दिव्य देशना खिरी।

आ. विमरर्शसागर गुरु भक्त परिवार, जिनागम पंथी श्रावक संघ सहित सम्पूर्ण दिल्ली ह्ष्टक्र समाज एवं सभी मण्डलों - ग्रुपों को दिया मंगल शुभाशीष।

07 मार्च से 15 मार्च तक होगी विमर्श अहिंसा परिवार द्वारा भावी सिद्धों के सानिध्य में अनन्तानन्त सिद्धों की आराधना। **-हर्ष जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### राधाबाई सिन्हा को सरकारी योजनाओं से मिली नई राह

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के ग्राम-खंडसरा की निवासी राधाबाई सिन्हा की ज़िंदगी में सरकारी योजनाओं ने सकारात्मक बदलाव लाया है। पहले उन्हें घर की जरूरतें पूरी करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी, लेकिन अब विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने से उनका जीवन आसान हो गया है। राधाबाई को छत्तीसगढ़ सरकार और केंद्र सरकार की कई योजनाओं के लाभ मिल रहा है। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर मिला, जिससे उनका परिवार सुरक्षित और बेहतर जीवन जी रहा है। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के तहत उनके घर में नल कनेक्शन लगाया गया है। पहले उन्हें गांव से दूर पानी लाने जाना पड़ता था, लेकिन अब समय की बचत होती है, जिसे वह घर के अन्य कार्यों में लगा पाती हैं। सरकार की उज्ज्वला योजना के तहत उन्हें गैस सिलेंडर और चूल्हा मिला, जिससे उन्हें धुएं से होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिल गया और अब वे स्वस्थ वातावरण में खाना बना सकती हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत उनका और उनके परिवार का स्वास्थ्य बीमा हुआ है, जिससे वे किसी भी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर सकती हैं। मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना ने उनके घर की राशन की चिंता को दूर कर दिया है। उन्हें एक रुपये किलो चावल और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री मिलती है, जिससे उनके परिवार को पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो रहा है। साथ ही, महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें हर माह ?1000 की आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वे घर की अन्य आवश्यकताओं को पूरा कर पा रही हैं। राधाबाई बताती हैं कि उनके पति फल-फ्रूट की दुकान चलाते हैं, जिससे परिवार की आमदनी होती है। उनके दो बच्चे हैं, जिनकी शिक्षा और देखभाल अब पहले से बेहतर हो रही है। उनके परिवार की सासू मां को भी प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना, आयुष्मान भारत योजना, और नल जल योजना का लाभ मिल रहा है। मालूम हो कि राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को रियायती दर पर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

### राजिम कुंभ कल्प पहुंचे विदेशी पर्यटक, बोले इट्स वन्डरफूल

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** राजिम कुंभ कल्प में महाशिवरात्रि के अवसर राज्य के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ साथ विदेशी सैलानी भी पहुंचे थे। निदरलैंड, जर्मनी, साउथ अफ्रीका से पहुंचे पर्यटक 54 एकड़ में लगे राजिम कुंभ की भव्यता देखकर अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्हे राजीव लोचन मंदिर और त्रिवेणी संगम बीच स्थित कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में उत्कीर्ण कलाकृतियों ने खासा प्रभावित किया। विदेशी पर्यटक नागा साधुओं द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूरे मेला क्षेत्र का पैदल चलकर भ्रमण किया। निदरलैंड, जर्मनी, साउथ अफ्रीका से पहुंचे पर्यटकों ने बताया कि हम पहली बार राजिम आए हैं। यहां आकर काफी प्रफुल्लित हैं। यहां की संस्कृति और लोगो के आत्मीय स्वागत ने काफी प्रभावित किया है। भारत की अध्यात्मिक और धार्मिक तथा संस्कृति को देखने और समझने के लिये भारत आए हैं। उन्होंने कहा कि हम भारत की संस्कृति एवं यहां के रहन-सहन से रूबरू होना चाहते हैं। यहां की सांस्कृतिक विरासत खासतौर से प्रभावित कर रही है। राजिम के इतिहास के बारे में उन्होंने अनभिज्ञता जाहीर की, लेकिन राजिम कुंभ की सजावट और संत समागम क्षेत्र की भव्यता को देखकर उन्होंने कहा-इट्स वन्डरफूल। विदेशी पर्यटक महाशिवरात्रि के पर्व पर नागा एवं विभिन्न अखाड़ों के साधुओं द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा में भी शामिल हुए।

# आचार संहिता शून्य, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं गति : सीईओ



**अम्बिकापुर(विश्व परिवार)।** जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय योजना अभिसरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (नरेगा), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में बताया गया कि इस वर्ष 2016 से 2023 तक जिले में स्वीकृत 65,905 आवासों में से 61,228 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 4,677 आवास अभी अपूर्ण हैं। सीईओ ने निर्देश दिए कि अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूरा किया जाए। वहीं, 2024-25 में स्वीकृत 23,136 आवासों के लिए जारी पहली और दूसरी किश्त के आधार पर निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा गया। साथ ही, महात्मा गांधी नरेगा के तहत 90 दिनों का रोजगार सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी कार्यक्रम अधिकारी को सौंपी गई। सीईओ ने मनरेगा के तहत सभी श्रमिकों के आधार लिंक कराने के निर्देश दिए। 338 आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और 61 अप्रारंभ भवनों के जल्द शुरू न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि भू-विवाद की स्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के सहयोग से समाधान किया जाए। इसके अलावा, 4,739 अपूर्ण कार्यों की व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग कर सीसी निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कृषि संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने और पूर्ण अमृत सरोवरों में महिला समूहों की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने ने सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक प्राक्कलन अनुसार समय-सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत गांव की महिलाओं को अधिक से अधिक स्व-सहायता समूहों से जोड़ने, बैंक लिंकेज प्रक्रिया को तेज करने और लखपति दीदी योजना के सर्वे कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। योजनांतर्गत 783 व्यक्तिगत परिवारिक शौचालय और 38 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत बनने वाले शेडों को जल्द पूरा करने और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन एवं यूजर चार्ज वसूली में प्रगति लाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि आचार संहिता शून्य होने के साथ ही सभी अधिकारी कर्मचारी अलर्ट मोड़ में मैदानी स्तर पर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं। बैठक में अधिकारियों की उपस्थिति इस समीक्षा बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहायक परियोजना अधिकारी, जनपद पंचायत के सीईओ, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी, ब्लॉक समन्वयक, तकनीकी सहायक और बीएसओ सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

# सरकारी शराब दुकान में घटिया गुणवत्ता की शराब की बिक्री, प्रशासन बेखबर

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** नगर में आयोजित मड़ई मेले के दौरान सरकारी शराब दुकान में बदबूदार और निम्न गुणवत्ता वाली शराब बेचे जाने की शिकायतें सामने आई हैं। शराब की भारी मांग के बावजूद उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता की शराब नहीं मिल रही, जिससे शराब प्रेमियों में नाराजगी है।

**मांग अधिक, गुणवत्ता खराब :** मेले के चलते शराब की मांग अत्यधिक बढ़ गई, लेकिन आपूर्ति में कमी और घटिया शराब की बिक्री ने लोगों को निराश किया। शराब प्रेमियों का कहना है कि पूरी कीमत चुकाने के बावजूद उन्हें घटिया और मिलावटी शराब परोसी जा रही है, जिसकी शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं हो रही।



**स्वास्थ्य पर खतरा, प्रशासन लापरवाह :** स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि इस तरह की घटिया शराब स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। प्रशासन को इस ओर तत्काल ध्यान देना चाहिए, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**शराब प्रेमियों में रोष :** स्थानीय उपभोक्ताओं ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सरकारी दुकान में ही मिलावटी और बदबूदार शराब बेची जा रही है, जिससे लोगों का विश्वास उठ रहा है। मांग की जा रही है कि संबंधित विभाग इस मामले में संज्ञान लेकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे।

**प्रशासन कब जागेगा? :** नगर के जिम्मेदार अधिकारियों को इस समस्या पर तुरंत ध्यान देना चाहिए और शराब की गुणवत्ता की जांच करानी चाहिए। यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो लोगों में बढ़ता असंतोष बड़े विरोध का रूप ले सकता है।

## जिला स्तरीय कार्यशाला में सहकारी समितियों में संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नोडल कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या रायपुर शाखा बलौदाबाजार में किया गया। कार्यशाला में सहकारी समितियों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी जिसमें पैक्स कम्प्यूटरीकरण से संबंधित जानकारी एवं एन.सी.डी सी. के पदाधिकारी के द्वारा सहकारी समितियो को एनसीडीसी के माध्यम से फंडिंग पेर्टन की जानकारी एफपीओ का गठन सहकारी समितियों के उन्नयन हेतु दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान किया गया। इसके साथ ही एआईएफ, एएमआई, आरजीएम पीएमएफएचई, नेशनल लाइव स्टाक नेशन की योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा किया। जिसमें पैक्स में सामान्य सेवा केन्द्र की भूमिका एवं विकास पर प्रभाव डाला गया। ग्रामीण स्तर पर आनलाईन सेवायें नागरिको को अधिकाधिक प्रदाय करने हेतु समिति प्रबंधको को जानकारी दी गई। कार्यशाला में समिति में नैनो यूरिया एवं डीएपी के उपयोगिता एवं महत्व को बताया तथा नैनो टेक्नालाजी के उपयोग कृषको को करने हेतु प्रेरित करने समिति प्रबंधको को निर्देशित किया गया साथ ही जिले में संचालित 5 विकासखंड के पैक्स समिति लाहोद, ओडान, हथबंद, बया, गोढी टी में ड्रोन के माध्यम से नैनों यूरिया नैनो डीएपी एवं दवाई छिडकाव का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त सहकारिता ने कार्यशाला में नवीन समिति के पंजीयन व पैक्स कम्प्यूटराईजेशन एव सहकारिता के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## परिवार को बंधक बनाकर लाखों की लूट, जांच में जुटी पुलिस

**सीतापुर(विश्व परिवार)।** सरगुजा जिले में अज्ञात बदमाशों ने एक परिवार को बंधक बना लिया। तलवार की नोक पर घर और दुकान में रखे नगदी समेत चांदी -सोने जेवर लेकर फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित परिवार की सूचना पर थाना पुलिस गांव पहुंची और पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली। मामला सीतापुर थाना क्षेत्र ग्राम नवापारा की है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना ग्राम नवापारा की है। बताया जा रहा है कि, बुधवार की देर रात 3 अज्ञात नकाबपोश बदमाश सेवानिवृत्त वनकर्मी एवं व्यवसायी राधेश्याम गुप्ता के दो मंजिला घर में घुस गए। तलवार की नोक पर परिवार को बंधक बना लिया और जान से मारने की धमकी देने लगा। घर और दुकान में रखे नगदी समेत चांदी-सोने जेवर लेकर फरार हो गए। इस वारदात के बाद पीड़ित परिवार और पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

# एसडीएम कर रहे सफाई अभियान का निरीक्षण

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारी के तहत कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एसडीएम कोंडागांव अजय उरांव द्वारा गुरुवार को शहर में स्वच्छता का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रात: कालीन बस स्टैंड परिसर में चाय ठेले के पास गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग करने वालों को भी जुर्माना किया गया और उन्हें चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि प्लास्टिक बैग का उपयोग किया गया, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम कोंडागांव ने विकास नगर में नालियों का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को नालियों की सफाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए। इसके साथ ही उन्होंने वार्ड वासियों को नालियों में घर का कचरा नहीं फेंकने की हिदायत दी। इसके अलावा उन्होंने डी एन के वार्ड स्थित एस एल आर एम केंद्र का भी निरीक्षण किया और स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुसार तैयारी जारी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे, सहायक अभियंता विजय मेहरा, स्वच्छता प्रभारी संतोष साहू और जिला समन्वयक रिया तिवारी भी मौजूद रहे। इसी प्रकार नगर पंचायत फरसगांव में भी 27 फरवरी को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारी को लेकर शहर का भ्रमण किया गया। इस दौरान फरसगांव शहर के वार्डों और चौक-चौराहों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। डोर टू डोर कलेक्शन की प्रक्रिया की समीक्षा की गई और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (एसएलआरएम सेंटर) एवं कंपोस्टिंग शेड का भी निरीक्षण किया गया और कचरा संग्रहण रजिस्टर को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। नगर पंचायत द्वारा सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया गया और आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए।



# बेटी बचाओ बेटी पढाओ के तहत सरस्वती शिशु मंदिर सूरजपुर में किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के दिशा निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के मार्गदर्शन मे बेटी बचाओ बेटी पढाओ के अंतर्गत 24 फरवरी से 08 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन जिले में विभिन्न स्तरों में आयोजित किया जाना है। इसी क्रम में कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में किया गया, कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी इंन्द्र कुमारी तिवारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने लिंग भेद, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराध बाल विवाह विषय पर अपने विचार रखे मनोज जायसवाल ने बच्चों को भ्रूण हत्या के संबंध में बताया कि हमारे देश में लैंगिक असमानता इतना बढ़ गया है कि आज कई समाज में लड़कियों की कमी महसूस हो रही है लिंग परीक्षण कराना गैर कानूनी जुर्म है उसके बाद बावजूद लोग दो बेटी होने के बाद तीसरी संतान पुत्र हो सके इसके लिए लिंग परीक्षण कराते हैं और तीसरी संतान लडकी होने पर गर्भ में ही मार दिया जाता है यह पहले सिर्फ शहरों में कराया जाता था, लेकिन अब गावं गांव में फैल गया है। हमे अपने घर में जागरूक करना है बेटियां किसी से कम नहीं है। देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति भी महिला है महिलाएं सभी सेक्टर में आगे आ रही हैं सभी क्षेत्र को आगे बढ रही है पढने में आज लडकियां लडको से आगे है देश के सर्वश्रेष्ठ परीक्षा यू.पी.एस.सी. में छात्राएं कई वर्ष से टॉप कर रही हैं आज हम शपथ लेंगे की हम अपने समाज गांव, शहर सब से लिंग भेद को हटायेंगे। बाल विवाह भी आज कल छात्राओं का कर दिया जाता है छात्राएं पढेगी तो सभी बीमारी का इलाज केवल और केवल शिक्षा में है। शिक्षा एक ऐसी चाबी है जिससे सभी समस्या रूपी ताला खुलने वाला है। खूब पढे ओर खूब बढें। इन्द्र कुमारी तिवारी ने छात्राओं को घरेलू हिंसा के संबंध में जानकारी दी। घर के अन्दर महिलाओं के ऊपर कई प्रकार सम्बंध में जानकारी दी।



## कलेक्टर ने गोल बाजार विकास कार्य का किया निरीक्षण

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर हरिस एस ने गुरुवार को जगदलपुर शहर के हृदय स्थल में स्थित गोल बाजार का जायजा लेने सहित गोल बाजार विकास कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान गोल बाजार को व्यवस्थित करने सहित सौंदर्यीकरण के लिए तैयार कार्ययोजना के आधार पर सभी कार्यों को सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं गोल बाजार के व्यवसायियों को दुकानें उपलब्ध कराने के लिए काम्प्लेक्स निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। ज्ञात हो कि गोल बाजार विकास के तहत कुल 46 दुकानों का दुमंजिला कॉम्प्लेक्स निर्मित किया जा रहा है, जिसमें बेसमेंट पर पार्किंग तथा भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल में व्यवसायियों के लिए दुकानें शामिल है। इस मौके पर कलेक्टर हरिस एस ने व्यवसायियों से भी भेंटकर गोल बाजार के समुचित विकास की दिशा में आवश्यक पहल करने आश्वस्त किया। वहीं काम्प्लेक्स निर्माण की प्रगति पर पूरा फोकस करने के निर्देश अधिकारियों दिए। इस दौरान आयुक्त नगर पालिक निगम निर्भय साहू सहित लोक निर्माण विभाग एवं नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## व्यापार समाचार

### क्रिकेट जगत ने इंग्लैंड पर शानदार जीत के लिए अफगानिस्तान को सराहा

**मुंबई( एजेंसी )।** क्रिकेट जगत ने अफगानिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम, खासकर इब्राहिम जादरान और अजमतुल्लाह उमरजई की जमकर प्रशंसा की, क्योंकि उन्होंने बुधवार को लाहौर में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पूर्व चैंपियन इंग्लैंड पर शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई। पहले पावर-प्ले में 37/3 पर सिमटने के बाद, अफगानिस्तान ने जादरान के शानदार 177 रन की मदद से चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाया और कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (40), मोहम्मद नबी (40) और उमरजई (41) के महत्वपूर्ण योगदान की बदौलत 325/7 का विशाल स्कोर बनाया। उमरजई ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, उन्होंने 5-58 विकेट लिए, जो किसी अफगान गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है, जबकि इंग्लैंड की टीम जो रूट के 120 रनों के बावजूद 317 रनों पर आउट हो गई। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, अफगानिस्तान की ओर से शानदार प्रदर्शन..जीत का पूरा हकदार...इंग्लैंड ने पिछले कुछ सालों से व्हाइट-बॉल क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। इन परिस्थितियों में यह परिणाम आश्चर्यजनक नहीं है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने उमरजई के प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंड प्रदर्शन बताया। एसीबी ने अपने आधिकारिक हैंडल पर एक्स पर कहा, शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन- और यह अजमत ओमरजई के लिए एक और विशेष ऑलराउंड प्रदर्शन था, जिन्होंने अपना पहला पांच विकेट लिया और इंग्लैंड पर अफगानिस्तान की जीत में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई! पूर्व भारतीय कप्तान और जाने-माने कमेंटेटर रवि शास्त्री ने भी बुधवार को अफगानिस्तान टीम के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की और इंग्लैंड को उपमहाद्वीप में खेलने को गंभीरता से लेने की सलाह दी। शास्त्री ने कहा, अफगानिस्तान। आप लोग कमाल करते हैं। कमाल कर दिया। इंग्लैंड के लिए। उपमहाद्वीप में खेलने को बिना किसी बहाने के गंभीरता से लें। तभी आपको एक ऐसी टीम के रूप में पहचाना जाएगा जो यात्रा कर सकती है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाड़ियों द्वारा जश्न मनाने के कुछ अविश्वसनीय दृश्य देखने को मिले। बुधवार की जीत कई लोगों को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 2023 वनडे विश्व कप में इंग्लैंड पर अफगानिस्तान की इसी तरह की उलटफेर भरी जीत की याद दिलाएगी। अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी उनके प्रदर्शन से उत्साहित थे और उन्होंने कहा कि पूरा देश इस जीत से खुश होगा। उन्होंने कहा, एक टीम के रूप में, हम खुश हैं और मुझे यकीन है कि पूरा देश इस जीत से खुश होगा। पहली बार हमने उन्हें 2023 विश्व कप में हराया। मैं हमेशा कहता रहता हूं कि हम एक टीम के रूप में दिन-प्रतिदिन बेहतर होते जा रहे हैं, और यही हमने पिछले कुछ विश्व कप में दिखाया है। आज, यह एक तनावपूर्ण मैच था, लेकिन हमने इसे वास्तव में अच्छी तरह से नियंत्रित किया। मैं परिणाम से खुश हूं। अफगानिस्तान के कप्तान ने कहा, हमारी टीम की खूबसूरती यह है कि हमारे पास प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी हैं, और साथ ही, हमारे पास वरिष्ठ खिलाड़ी भी हैं जो शीर्ष स्तर पर हैं। हर कोई अपनी भूमिका जानता है और इस टीम में उन्हें क्या करना चाहिए।

### सुपर बिलियनेयर्स की लिस्ट में शामिल हुए मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी

**मुंबई( एजेंसी )।** मुकेश अंबानी, गौतम अडाणी, जेफ बेजोस, मार्क जुकरबर्ग और वॉरेन बफेट दुनिया के टॉप 24 सुपर बिलियनेयर्स में शामिल हैं. वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं, जिनकी कुल संपत्ति 419.4 बिलियन डॉलर है. दुनिया भर में अरबपतियों की बढ़ती संख्या के बीच, सुपर अरबपति एक नई श्रेणी के रूप में उभरे हैं जो अति-धनवानों को बाकी लोगों से अलग पहचान दिलाते हैं. डब्ल्यूएसजे के अनुसार, सुपर बिलियनेयर्स की कुल संपत्ति 50 बिलियन डॉलर या उससे अधिक होती है. वैश्विक संपत्ति खुफिया फर्म अल्ट्राटा के डेटा के आधार पर डब्ल्यूएसजे की सूची में शामिल 24 सुपर बिलियनेयर्स में से 16 सेंटी-बिलियनेयर्स की श्रेणी में आते हैं, जिसका मतलब है कि उनकी कुल संपत्ति कम से कम 100 बिलियन डॉलर है. डब्ल्यूएसजे के अनुसार, टेक अरबपति एलन मस्क पृथ्वी पर सबसे अमीर व्यक्ति हैं, जिनकी संपत्ति 419.4 बिलियन डॉलर है. एलन मस्क टेस्ला, स्पेसएक्स, न्यूरालिंक और एक्स (पूर्व में ट्विटर) सहित कई अभिनव सैटेलाइट के मालिक हैं और उनका संचालन करते हैं. वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के भी मालिक हैं. वैश्विक संपत्ति खुफिया फर्म अल्ट्राटा के विशेष डेटा के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति एक अमेरिकी परिवार की औसत कुल संपत्ति से लगभग दो मिलियन गुना अधिक है. इस सूची में भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी भी शामिल हैं. रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 90.6 बिलियन डॉलर है, जबकि अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की कुल संपत्ति 60.6 बिलियन डॉलर है.

### सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक अब वायर और केबल भी बेचेगी

**मुंबई( एजेंसी )।** सीमेंट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के शेयरों में 27 फरवरी को शुरुआती कारोबार में 4 फीसदी की गिरावट आई. आदित्य बिड़ला समूह की इस प्रमुख कंपनी ने यह भी कहा कि वह 1,800 करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च के साथ तार और केबल क्षेत्र में प्रवेश करेगी. अल्ट्राटेक सीमेंट ने कहा कि वह अगले दो वर्षों में 1,800 करोड़ रुपये की लागत से गुजरात के भरूच में वायर और केबल प्लांट स्थापित करेगी. प्लांट के दिसंबर 2026 तक चालू होने की उम्मीद है. सीमेंट फर्म के शेयर एनएसई पर 3.75 फीसदी की गिरावट के साथ 10,552.85 रुपये पर कारोबार कर रहे. दूसरी तरफ, केबल प्लेयर्स जैसे केईआई इंडस्ट्रीज और पॉलीकैब इंडिया के शेयरों ने क्रमश- 3,418.10 रुपये और 5,189.05 रुपये पर 10 प्रतिशत का निचला सर्किट पर पहुंच गया. अल्ट्राटेक सीमेंट ने कहा कि सीएंडडब्ल्यू सेगमेंट में प्रवेश एक व्यापक बिल्डिंग सॉल्यूशन प्रदाता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की अपनी रणनीति के अनुरूप है. फर्म ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अल्ट्राटेक अपने व्यापक विनिर्माण विशेषज्ञता का लाभ उठाने का प्रस्ताव करता है. साथ ही अंतिम ग्राहकों के साथ अपने जुड़ाव के साथ उच्च गुणवत्ता वाले तार और केबल वितरित करता है, जिससे ग्राहकों की जेब में अधिक से अधिक हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य बनता है.

# रोहित शर्मा की कप्तानी के मुरीद बने पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन




**दुबई( एजेंसी )।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने पूर्व सलामी जोड़ीदार और प्रिय मित्र रोहित शर्मा की कप्तान के तौर पर प्रशंसा की और कहा कि भारतीय कप्तान एक लीडर के तौर पर परिपक्व हो गया है। उन्होंने कहा कि वह जानता है कि दबाव की स्थिति में कैसे काम करना है और कब नरमी बरतनी है और कब पीछे हटना है, कैसे इसके बीच एक बढ़िया संतुलन बनाए रखना है। एक विशेष श्रृंखला, शिखर धवन अनुभव में कप्तान के तौर पर रोहित के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, पूर्व क्रिकेटर ने टीम के साथियों के साथ रोहित के बंधन पर भी प्रकाश डाला। 2013 से 2025 तक, 12 साल का अनुभव बहुत है। रोहित ने बहुत कुछ देखा है। वह जानता है कि दबाव की स्थिति में कैसे काम करना है और लड़कों को कैसे इकट्ठा करना है। एक लीडर के तौर पर, वह परिपक्व हो गया है; वह जानता है कि कब नरमी बरतनी है और कब पीछे हटना है। यह एक बढ़िया संतुलन है और लड़कों के साथ रोहित का बंधन अद्भुत है। धवन ने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर कहा, हम बेहतरीन स्थिति में हैं। नौ साल तक रोहित के ओपनिंग पार्टनर रहे धवन ने उस समय को याद किया जब उन्होंने 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पहली बार रोहित के साथ पारी की शुरुआत की थी और खुलासा किया कि रोहित को ओपनर के तौर पर बढ़ावा देने का विचार तत्कालीन कप्तान एमएस धोनी का था। इस ओपनिंग जोड़ी का फैसला उस मैच से आधे दिन पहले लिया गया था। उस समय मैं भी नया था और अपनी ही दुनिया में था। मैंने वापसी की थी और मुझे अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी। लेकिन एमएस धोनी ने यह फैसला लिया और रोहित को ओपनिंग करने का निर्देश दिया। इसलिए मैंने इस बारे में ज्यादा नहीं सोचा। मैंने सोचा कि अगर रोहित ओपनिंग करते हैं तो हम साथ में बल्लेबाजी का लुत्फ उठाएंगे। धवन ने खुलासा किया, पहले मैच में हमें बहुत अच्छी शुरुआत मिली। हम बिना कोई विकेट खोए 100 रन पर थे। हमने 10वें ओवर तक 30-35 रन नहीं बनाए क्योंकि विकेट सीम कर रहा था। लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि हमारी जोड़ी इतनी बड़ी होगी और हम 10 साल तक साथ खेलेंगे। धवन ने रोहित के साथ अपनी दोस्ती और सौहार्द के बारे में भी बात की और कहा, हम एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं और हमारी समझ और संवाद का स्तर बहुत ऊंचा है। मैदान पर और मैदान के बाहर हमारा रिश्ता एक जैसा है। हमने साथ खेला है, हमने कई सीरीज जीतने के बाद साथ में पार्टी की है। उन्होंने कहा, हमने एक टीम के रूप में खेला है। वह पूरी यात्रा और भारत में खेलने से पहले भी, जब रोहित 16-17 साल का था, मैंने अंडर-19 विश्व कप में खेला था। इसलिए, हम तब से साथ हैं और दोस्त हैं। चल रही चैंपियंस ट्रॉफी में, रोहित की अगुवाई वाली भारत ने ग्रुप चरण में एक मैच शेष रहते सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। वे रविवार को दुबई में अंतिम ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड से खेलेंगे।

## बटलर भविष्य की कप्तानी के बारे में सभी संभावनाओं पर विचार करेंगे



**लाहौर( एजेंसी )।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से जल्दी बाहर होने के बाद उनकी टीम की व्हाइट-बॉल लीडरशिप जांच के दायरे में आएगी और उन्होंने कहा कि उन्हें अपने कप्तानी भविष्य के बारे में सभी संभावनाओं पर विचार करने की आवश्यकता है। बुधवार शाम को अफगानिस्तान से आठ रन से हारने के बाद, इंग्लैंड आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया। यह लगातार दूसरा पुरुष वनडे टूर्नामेंट है, जिसमें वे शीर्ष चार में पहुंचने से चूक गए हैं। बटलर को आईसीसी ने उद्धृत किया, परिणाम वैसे नहीं हैं, जैसे होने चाहिए, और मुझे व्यक्तिगत रूप से सभी संभावनाओं पर विचार करने की आवश्यकता है। हमें एक टीम के रूप में, व्हाइट-बॉल प्रारूपों में इंग्लैंड क्रिकेट को जिस स्थिति में होना चाहिए, उसे वापस लाने की आवश्यकता है। और मुझे लगता है कि मुझे व्यक्तिगत रूप से यह पता लगाना होगा कि मैं समस्या का हिस्सा हूं या समाधान का? जबकि बटलर ने पुष्टि की कि वह आने वाले दिनों में कप्तान के रूप में अपने भविष्य पर विचार करेंगे, इंग्लैंड शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी अभियान का समापन करेगा, जो सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहता है। मैं व्यक्तिगत रूप से यह पता लगाने के लिए थोड़ा समय लूंगा कि मुझे क्या सही लगता है। मैं अभी कोई भावनात्मक निर्णय नहीं लेने जा रहा हूं। आप शायद पहले व्यक्ति नहीं हैं जिनके साथ मैं इस पर चर्चा करूंगा । परिणाम कठिन होते हैं, और कई बार वे भारी पड़ते हैं।

## आईसीसी मैच रेफरी डेविड बून क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड में शामिल होंगे



**मेलबर्न( एजेंसी )।** पूर्व टेस्ट बल्लेबाज डेविड बून को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) बोर्ड में नियुक्त किया गया है। वे पॉल ग्रीन द्वारा खाली किए गए पद को भरेंगे, जिन्होंने क्रिकेट तस्मानिया के प्रतिनिधि के रूप में छह साल बाद पद छोड़ दिया था। बून, जो वर्तमान में आईसीसी मैच रेफरी हैं, 28 मार्च को सीए बोर्ड में शामिल होने के लिए पाकिस्तान और दुबई में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईसीसी के साथ अपना कार्यकाल समाप्त करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक, बून ने 107 टेस्ट मैच खेले और 43.65 की औसत से 7,422 रन बनाए, जिसमें 21 शतक (ऑस्ट्रेलिया के एक अन्य महान खिलाड़ी - नील हार्वे के समान ही टेस्ट शतक) और 99 कैच शामिल हैं। वे ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में पांचवें सबसे अधिक रन बनाने वाले और पांचवें सबसे अधिक कैप्ड ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी थे। 1984/85 और 1995/96 के बीच 107 टेस्ट मैच खेलने के कारण वे एलन बॉर्डर के बाद 100 टेस्ट खेलने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए। 181 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 37.04 की औसत से 5,964 रन बनाए, जिसमें पांच शतक शामिल हैं। वे 1987 की आईसीसी विश्व कप विजेता टीम के सदस्य थे, जिन्होंने फाइनल में 75 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का सम्मान प्राप्त किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को सात रनों से हराया। बून, जो 2014 से क्रिकेट तस्मानिया के निदेशक और 2022 से अध्यक्ष हैं, क्रिकेट तस्मानिया के महाप्रबंधक रहे हैं और 2000 से 2011 तक ऑस्ट्रेलियाई चयन पैनल के सदस्य थे।

## एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ने भारतीय एयरलाइन्स की अत्यधिक प्रशिक्षण फीस पर चिंता जताई



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए इंडिया) ने भारतीय एयरलाइन्स की अत्यधिक प्रशिक्षण फीस पर गंभीर चिंता जताई है. एएलपीए इंडिया कहा कि यह महत्वाकांक्षी पायलटों का शोषण है. विमानन क्षेत्र में प्रशिक्षित कर्मियों की निरंतर कमी का एक कारण है. नागरिक विमानन मंत्री को लिखे एक पत्र में एएलपीए इंडिया ने प्रशिक्षु पायलटों पर लगाए गए वित्तीय बोझ को अनैतिक मुनाफाखोरी बताया है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठाना मुश्किल होता जा रहा है. डीजीसीए के अनुसार, 2024 में 1,342 वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) जारी किए गए, जो 2023 में 1,622 के पिछले रिकॉर्ड से 17 प्रतिशत कम है. विमानन विशेषज्ञ हर्षवर्धन ने इस गिरावट के लिए एयरलाइन के पतन और सीमित नए लोगों को शामिल करने को जिम्मेदार ठहराया, उन्होंने कहा कि साल दर साल कोई पूर्ण संबंध नहीं है, क्योंकि एयरलाइंस भविष्य के विस्तार के आधार पर भर्ती की योजना बनाती हैं. जब कोई नया बेड़ा नहीं निकलता है, तो भर्ती धीमी हो जाती है. उन्होंने जोर देकर कहा कि नौकरी की उपलब्धता और बाजार की मांग पायलट लाइसेंस संख्या में उतार-चढ़ाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. एएलपीए ने कहा कि भारतीय एयरलाइंस ने अपने एकाधिकार नियंत्रण और कार्टेलाइज्ड योजनाओं के साथ कैडेट पायलटों को उनके अधिकारों से वंचित करने की कोशिश की है. एएलपीए इंडिया के अध्यक्ष सैम थॉमस ने कहा कि एयरलाइंस ने कार्टेल बना लिया है. वे विमान ऑर्डर करने पर मिलने वाले मुफ्त प्रशिक्षण क्रेडिट से लाभ कमाना चाहते हैं. पहले, एक ऐसी व्यवस्था थी, जिसमें एयरलाइंस पायलटों को प्रशिक्षित करती थीं और प्रशिक्षण बांड निष्पादित करती थीं. हालांकि, एयरलाइन प्रशिक्षण विभागों ने बेईमान मानव संसाधन प्रभागों के साथ मिलकर इस प्रशिक्षण को अत्यधिक कीमतों पर बेचना शुरू कर दिया, जिससे पायलट कर्ज और बंधुआ मजदूरी के चक्र में फंस गए. उन्होंने आगे कहा कि भारत में वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस प्राप्त करने में 30-35 लाख रुपये का खर्च आता है, जबकि विशिष्ट विमानों के लिए टाइप रेटिंग के लिए ऊपरी छोर पर 10-15 लाख रुपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए.

### शेयर बाजार ग्रीन जोन में खुला

**मुंबई( एजेंसी )।** कारोबारी सप्ताह के चौथे दिन शेयर बाजार सपाट पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 146 अंकों की गिरावट के साथ 74,748.86 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.09 फीसदी की गिरावट के साथ 22,568.95 पर खुला. बाजार खुलने के साथ ही निफ्टी पर निफ्टी पर श्रीराम फाइनेंस, बजाज फाइनेंस, हिंडाल्को, बजाज फिनसर्व, जेएसडब्ल्यू स्टील बढ़ोतरी के साथ कारोबार कर रहे, जबकि ट्रेंट, एसबीआई लाइफ, हीरो मोटोकॉर्प, टेक महिंद्रा, ओएनजीसी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे. 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर बाजार बंद था. कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार सपाट में बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 147 अंकों की उछाल के साथ 74,602.12 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.03 फीसदी की गिरावट के साथ 22,547.55 पर बंद हुआ. वैश्विक बाजारों से नकारात्मक संकेतों के बावजूद, भारतीय ब्लू-चिप सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को थोड़ा ऊपर कारोबार किए. कारोबार के दौरान निफ्टी पर एमएंडएम, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, अडाणी एंटरप्राइजेज और नेस्ले के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि हिंडाल्को, डॉ रेड्डीज लैब्स, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे. क्षेत्रीय मोर्चे पर आईटी, मेटल, ऑयल और गैस, ऊर्जा, पूंजीगत सामान, रियल्टी में 0.5-1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जबकि ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, टेलीकॉम में 0.5 फीसदी की तेजी दर्ज की गई. बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक लाल निशान में कारोबार किए.

## काइनेटिक ग्रीन ने चल मेरी लूना की मशहूर टैगलाइन के साथ ई-लूना का नया टीवी विज्ञापन लॉन्च किया

**रायपुर।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की अग्रणी कंपनी काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेडने ई-लूना के लिए नया टीवी कैंपेन लॉन्च किया है। इस टीवी कमर्शल में मशहूर और सदाबहार चल मेरी लूना की टैगलाइन को नए अंदाज में पेश किया है। इस कैंपेन में पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को लेकर एक नए नजरिया पेश किया गया है। इसके साथ हीयह नए-नए फीचर्स और व्यक्तिगत परिवहन के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाता है। जिस तरह पुरानी लूना को भारतीयों के लिए सस्ती, सुविधाजनक और कम ईंधन में चलने वाली दोपहिया गाड़ी के रूप में बनाया गया था, जिसने लोगों को बिना किसी परेशानी के परिवहन के निजी साधनों को अपनाने की आजादी दी थी।उसी तरह ई-लूना में भी ढेर सारी खूबियां हैं। बस, फर्क सिर्फ इतना है कि अब यह बिजली से चलती है और आधुनिक तकनीक से लैस है। अब पूरी तरह इलेक्ट्रिक ई-लूना को भारत के शहरों और गांवों में लोगों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। कंपनी उपभोक्ताओं को पर्यावरण के अनुकूल, मजबूत और किफायती गाड़ियां प्रदान कर रही है। ई-लूना पूरी तरह से इलेक्ट्रिक टू-व्हीलरहै, इस ऐड कैंपेन में ई-लूना की कुछ खास विशेषताओं को पेश गया है। एक बार चार्ज करने पर ई-लूना में लंबी दूरी तय करने की क्षमता है। रोज़मर्रा के सफर के लिए इसे तरह-तरह से उपयोग करने और भारी सामान ले जाने की इसकी मजबूत क्षमता को इस विज्ञापन में दिखाया गया है। ये खूबियां इसे भारतीय सड़कों और वहां के हालात के लिए परफेक्ट बनाती हैं। इस कैंपेन में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के पर्यावरण से जुड़े फायदों पर भी जोर दिया गया है और ई-लूना को शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं के परिवहन की जरूरत को पूरा करने के लिए स्मार्ट और बहुपयोगी समाधान के रूप में पेश किया गया है। ई-लूना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि एक बार चार्ज करने के बाद इसे लंबी दूरी तक चलाया जा सकता है। इसमें 2.3 किलोवॉट क्षमता वाली बैटरी है, जो एक बार चार्ज कने पर 110 किलोमीटर की रेंज देती है। ई-लूना में 2.2 किलोवॉटपीक पावर की बीएलडीसीमिड-माउंट मोटर लगी है। यह 50 किमी प्रति घंटेकी टॉप स्पीड देती है। यह शहरों और कस्बों की भीड़भाड़ में एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए परफेक्ट सवारी है। इसकी बैटरी, मोटर और कंट्रोलर आईपी-67 रेटेड हैं।यह पानी और धूल से सुरक्षित रहती है औरभारत में हर तरह के रास्तों और तरह-तरह के मौसम में बेहतरीन परफॉर्मेंस देती है। ई-लूना में मजबूत ड्यूल-ट्यूबुलर, हाई-स्ट्रेंथ स्टील चेसिस दिया गया है जोकि गाड़ी को टिकाऊ और स्थिर बनाता है। इसका लुक प्रीमियम बाइक्स जैसा मॉडर्न है। ई-लूना मल्टीफंक्शनल डिजाइन के साथ आती है। यह 150 किलो तक वजन उठा सकती है। ई-लूनाकोरोजाना ऑफिस या बाजार जाने औरव्यापारिक उद्देश्यों, जैसे ऑनलाइन ऑर्डर किए गए सामान की डिलीवरी या छोटे-मोटे कारोबार के लिए डिज़ाइन किया गया है। ई-लूना में कई स्मार्ट टेक्नोलॉजी दी गई हैं। इनमें सीएएन-इनेबल्ड स्मार्ट कम्यूनिकेशंस प्रोटोकॉल, रियल- टाइम 'डिस्टेंस टू एम्प्टी' इंडिकेटर्स के साथ डिजिटल इंस्ट्रूमेंटेशनशामिल हैं। इसमें कई राइडिंग मोड्स दिए गए हैं, जो बैटरी रेंज को बेहतर बनाते हैं।सेफ्टी और सुविधा के लिए इसमें कॉम्बी ब्रेकिंग सिस्टम, टेलिस्कोपिक फ्रंट सस्पेंशन, शानदार स्थिरता के लिए 16 इंच के बड़े पहिये जैसी खूबियां हैं। यूएसबी चार्जिंग पोर्ट भी दिया गया है। पीछे की सीट को हटाने की सुविधा है, जिससे ज्यादा जगह मिलती है। साइड स्टैंड सेंसर राइडर को अतिरिक्त सुरक्षा का अहसास देता है। ई-लूना पूरी तरह से भारत में डिजाइन और निर्मित की गई है। यह काइनेटिक ग्रीन के भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को सभी लोगों के बजट की रेंज में लाने के विजन को और मजबूत बनाती है। ई-लूना चलाने में काफी किफायती है और पूरी तरह प्रदूषण-मुक्त है। यह व्यक्तिगत इस्तेमाल के साथ कारोबारियों के लिए भी बेहतरीन विकल्प है। इसकी आधुनिक तकनीक और नए डिजाइन के चलते इसे तरह-तरह से उपयोग किया जा सकता है। ई-लूना ने इलेक्ट्रिक दोपहिया गाड़ियों के सेगमेंट में एक नया मानदंड तय किया है। ई-लूना कम खर्च में ज्यादा दूरी तय करती है, जबर्दस्त परफॉर्मेंस देती हैऔर पर्यावरण के अनुकूल भी है।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शनिवार 01 मार्च 2025



## पद्म सम्मानधारी के लिए सम्मान निधि राशि स्वीकृत, आदेश जारी

**रायपुर (विसं)।** जिले के पांच पद्म सम्मान प्राप्तकर्ताओं को 5 हजार प्रतिमाह की सम्मान निधि राशि दी जाएगी। इसके लिए राज्य शासन ने प्रतिमाह भुगतान करने के निर्देश दिए थे। संभागायुक्त श्री महादेव कावरे इसकी स्वीकृति प्रदान की है और आदेश जारी किया है। इनके लिए जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक तीन माह का 15 हजार रूपये का आबंटन जारी किया गया है। जिसमें डॉ अरूण त्रिम्बक दाबके, श्री रामानुज शर्मा (अनुज), स्वामी श्री जी.सी.डी. भारती बंधु, श्रीमती मतता चन्द्राकर और श्री मदन सिंह चौहान शामिल हैं।

# जनता के सुझावों से जनता की सुविधाओं के लिए काम होगा : मीनल चौबे

**महापौर ने कहा- नगर निगम अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें रेवेन्यू अपने आप जनरेट होगी, स्वच्छता रैंकिंग में सकारात्मक फीडबैक के लिये जनता को विश्वास में लें**

### प्रथम सम्मिलन के 3 दिनों के भीतर सभी जोन कमिश्नर पार्षदों की बैठक लेकर जल संकट पर संज्ञान लेवें

### राजधानी को स्वच्छ, सुन्दर बनाने नगर निगम की भूमिका महत्वपूर्ण : आयुक्त




**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित ली। महापौर ने अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनके द्वारा निर्वहन किये जा रहे दायित्वों की उनसे जानकारी ली। महापौर मीनल चौबे ने रायपुर नगर निगम में नवनिर्वाचित परिषद के प्रथम सम्मिलन के पूर्व नगर निगम अधिकारियों से अनौपचारिक चर्चा की। महापौर ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अच्छी व्यवस्था देने हेतु अधिकारियों का आभार माना।

महापौर मीनल चौबे ने कहा कि जनता के सुझावों से जनता की सुविधाओं के लिये काम होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें तो रेवेन्यू अपने आप जनरेट होगी। महापौर ने स्वच्छता रैंकिंग में सकारात्मक फीडबैक के लिये जनता को विष्वास में लेकर कार्य करने कहा। महापौर ने सभी जोन कमिश्नरों को नगर निगम की नवनिर्वाचित परिषद के प्रथम सम्मिलन के 3 दिनों के भीतर वार्ड पार्षदों की बैठक लेकर जलसंकट पर संज्ञान लेने कहा है।

महापौर ने बैठक में अधिकारियों को नगर निगम के मूलभूत कार्यो पर विशेष ध्यान देकर फोकस करने के निर्देश दिये। उन्होने नगर निगम के कार्यो की मूलभूत आवश्यकता शहर में सफाई, पेयजल, सडक बत्ती संबंधी कार्यो को प्राथमिकता देने कहा। महापौर ने निगम हित में आवश्यक निरूपित किया। साथ ही सुझाव दिया कि नगर निगम का राजस्व वसूली कार्य राजधानी शहर की आमजनता के लिये मूलभूत आवश्यकताओं की सहज पूर्ति में सहभागी बने इस प्रकार राजस्व वसूली कार्य किया जाना सुनिश्चित हो।

महापौर ने बैठक में स्वच्छता रैंकिंग को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लेकर राजधानी शहर रायपुर की सभी झुग्गी बस्तियों एवं समाज के मध्यम वर्ग के आवासीय क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता लाने के कार्य पर फोकस कर प्राथमिकता से करने कहा ताकि स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के साथ शहर को जन सहभागिता से श्रेष्ठ रैंकिंग दिलवाने कार्य किया जा सके। महापौर मीनल चौबे ने सभी अधिकारियों से जनअपेक्षाओं की पूर्ति करने का संकल्प लेकर कार्य करने जुटने कहा। उन्होने कहा कि वे जनता के लिये महापौर निर्वाचित हुई है एवं वे जनता के लिये कार्य करने पूरी तरह कृत संकल्पित है। अधिकारियों को शहर में जनता के लिये कार्य संकल्पित होकर करना चाहिए। महापौर ने सुझाव दिया कि निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रायपुर में सफाई और पेयजल के कार्यो को प्राथमिकता में रखकर कार्य करना चाहिए। बैठक हेतु महापौर मीनल चौबे के निगम मुख्यालय पहुंचने पर आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित निगम अधिकारियों ने उन्हें बुके देकर उनका आत्मीय स्वागत किया।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बैठक में अधिकारियों को राजधानी शहर रायपुर में जनअपेक्षित कार्यो हेतु जुट जाने कहा। आयुक्त ने कहा कि नगर निगम एक ऐसी संस्था है जिसे शासन के सभी विभागो से समन्वय कर नागरिको के कार्य प्राथमिकता से करने होते है। शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ आमजनों को राजधानी शहर में त्वरित रूप से मिले एवं उनका प्रभावी क्रियान्वयन आमजनों को अवगत करवाकर शासन की मंशा अनुसार प्राथमिकता से हो

## संक्षिप्त समाचार

### मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड की नवनिर्वाचित पार्षद अर्जुमन एजाज ढेबर ने पार्षद पद की शपथ ली



### कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने शपथ दिलवायी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्रमांक 45 की नवनिर्वाचित पार्षद अर्जुमन एजाज ढेबर ने जिला कलेक्टोरेट में पार्षद पद की शपथ ली। नवनिर्वाचित पार्षद को रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने पार्षद पद की शपथ दिलवायी। कलेक्टोरेट में संक्षिप्त शपथ कार्यक्रम के दौरान नगर निगम रायपुर के पूर्व महापौर एजाज ढेबर एवं नगर निगम सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### प्रीतम दास कुलदीप का निधन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भानुप्रतापपूर निवासी श्री प्रीतम दास कुलदीप (90 वर्ष) आज दिनांक 28/2/25 शुक्रवार को रायपुर में दुखद निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा 01/3/25 को भानुप्रतापपूर निज निवास स्थान से सुबह 10 बजे मुक्तीधाम को जाएगी। वे सुन्दर, महेन्द्र, नरेंद्र, गिरवर आदि के पिता थे।

### रुक्मांगद प्रसाद दुबे (लाला) का निधन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पन्डरभट्टा/ हसदा वाले का आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मसान में हुआ। आप सुशील, अनिल, सुनील, रमेश दुबे के पिता एवम कांग्रेस नेता अविनय दुबे के बड़े पिता थे। अविनय दुबे 9301117779.

# रेल परिवार से रायपुर मंडल के 21 सदस्य दिनांक 28 फरवरी 2025 को सेवानिवृत्त हुए




**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत रेल परिवार के 21 सदस्य (13 सामान्य एवं 08 असामान्य) फरवरी 2025 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत हुए।

इस समारोह में मंडल कार्मिक अधिकारी (श्रीमतीनिकिता अग्रवाल), सहायक मंडल वित्त प्रबंधक (श्रीमती सुमित्रा पाल), सेवानिवृत्त कर्मी एवं उनके परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा बंदोबस्त अनुभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 21 रेलकर्मियों में यांत्रिकी विभाग से 05, इंजीनियरिंग विभाग से 06, परिचालन विभाग से 03, विद्युत विभाग से 05 एवं वाणिज्य विभाग से 02 कर्मचारी शामिल है।

रेलवे इंस्टिट्यूट (खारुन रेल विहार)में आयोजित समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी गई। इस अवसर पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधक द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति का समस्त भुगतान प्रमाण-पत्र दिया गया। ई-पेमेंट के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कुल राशि रुपये 7,11,96,918/- का भुगतान किया गया। पेंशन भुगतान आदेश, सेवानिवृत्त कर्मचारी का पहचान पत्र एवं कर्मचारियों एवं आश्रितों का पास कार्ड, सेवा मेडल दिनांक 28/02/2025 को प्रदान किया गया।

मंडल कार्मिक अधिकारी एवं सहायक मंडल वित्त प्रबंधक ने सभी को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा के दौरान अपने दायित्यो का निर्वहन अच्छे से करने पर बधाई दी तथा स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए सेवानिवृत्त जीवन को अपने परिवार एवं रिश्तेदारों के साथ आनंदपूर्वक व्यतीत करने की बात कही, साथ ही सेवानिवृत्ति के दौरान मिली राशि को सही जगह निवेश करने की सलाह दी। अंत में उन्होंने सभी को सेवानिवृति के पश्चात् सुखद भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनायें दी।

# मैट्स विश्वविद्यालय माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ऑनलाइन वेबिनार में प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता पर आयोजित किया गया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मैट्स विश्वविद्यालय, आरंग कैम्पस, रायपुर में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी, माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ऑनलाइन वेबिनार में प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता पर आयोजित किया गया। मैट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी (एमएसई एंड आईटी) के माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 28 फरवरी 2025 को मैट्स विश्वविद्यालय, अरंग कैम्पस में ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता खननकर्मियों के लिए अनिवार्य है, साथ ही डीजीएमएस द्वारा अनुमोदित प्रमाण पत्र भी आवश्यक है। वेबिनार का नेतृत्व श्री दिनेश राव ने किया, जो एक उच्च सम्मानित उद्योग विशेषज्ञ हैं और जिनके पास 11 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने व्यावहारिक अंतर्दृष्टि और गहन ज्ञान के माध्यम से छात्रों को खनन इंजीनियरिंग में प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता के महत्व को समझाया। वक्ता का स्वागत और परिचय डॉ. घनश्याम शाकर, माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख ने किया, उन्होंने छात्रों की उत्साही भागीदारी के लिए बधाई दी और ऐसे वेबिनार के महत्व को स्वीकार किया जो उद्योग-तैयार पेशेवरों को आकार देने में मदद करता है। माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग की आयोजन समिति ने ऑनलाइन वेबिनार के सुचारु कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी समर्पण ने व्यावहारिक शिक्षा और नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मदद की। कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के नेतृत्व से प्रशंसा और प्रोत्साहन मिला। मैट्स विश्वविद्यालय के चांसलर श्री गजराज पगारिया ने फैकल्टी, छात्रों और आयोजन समिति के प्रयासों की प्रशंसा की और कार्यशाला को सफल बनाने के लिए बधाई दी। मैट्स विश्वविद्यालय के निदेशक जनरल श्री प्रियेश पगारिया ने अपनी शुभकामनाएं दीं और तकनीकी कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित किया। मैट्स विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री गोकुलनंद पांडा ने रचनात्मकता और पेशेवर विकास को बढ़ावा देने वाले समावेशी और समर्थनकारी परिसर वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। ऐसे वेबिनार के साथ, माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग, एमएसई एंड आईटी, नवीनतम तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक जोखिम प्रदान करने के अपने मिशन को जारी रखता है।

# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी से ईडी जी. आनंद राव की सेवानिवृत्ति



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में आयोजित समारोह में कार्यपालक निदेशक (उपकेन्द्र तथा मानव संसाधन) श्री जी.आनंद राव को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) श्री आर.के. शुक्ला एवं प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) श्री भीमसिंह कंवर ने उनके कार्यों एवं योगदानों की सराहना की तथा उनके सुखद भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर श्री शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ट्रांसमिशन नेटवर्क के गुणवत्तापूर्ण विकास, सबस्टेशनों की स्थापना में श्री राव की तकनीकी दक्षता का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। उन्होंने अपने 38 वर्षों के कार्यकाल में से 22 वर्ष बस्तर संभाग में बिताये। इस तरह आदिवासी अंचल के विकास में उनका बड़ा योगदान रहा।

सेवानिवृत्त श्री आनंद राव ने अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त लोड डिस्पैच सेंटर में भी सेवानिवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ पर्यवेक्षक (परीक्षण) श्री अमर सिंह लटियारे को भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री संदीप वर्मा, श्री संजय पटेल, श्रीमती ज्योति नन्नौरे, श्री आर.ए. पाठक, श्री ए.के. धर, श्री केएस मनोठिया, श्री वाईबी जैन, श्री संदीप मोदी, श्री एमएस चौहान तथा मुख्य अभियंता श्रीमती शारदा सोनवानी, श्रीमती नंदिनी भट्टाचार्य, श्री वी.के. दीक्षित, श्री गिरीश गुप्ता, श्री एफ.ए. खान, श्री एस.के. गजपाल, श्री प्रशांत बापट उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र एवं प्रकाशन अधिकारी श्री गोविंद सिंह पटेल द्वारा किया गया।

# हाथकरघा बुनकर संघ की वार्षिक आमसभा दिनांक 28 फरवरी 2025 को सम्पन्न





**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या रायपुर की वार्षिक आमसभा सायाजी होटल मेग्नेटो मॉल के पीछे रायपुर में दिनांक 28.02.2025 को श्री यशवंत कुमार आई.ए.एस. सचिव छत्तीसगढ शासन, ग्रामोद्योग विभाग, संचालक सह प्रबंध संचालक एवं प्राधिकृत अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा, आई.ए.एस. की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

श्री यशवंत कुमार प्रबंध संचालक के द्वारा जानकारी दी गयी कि बुनकरों के हित में राज्य शासन के द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है साथ ही सभी विभागों से समन्वय बनाकर अधिक अधिक से मांग प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही बुनकरों को उचित बुनाई पारिश्रमिक दिलाने के उद्देश्य से विगत दिवस बुनाई मजदूरी में 20 प्रतिशत की वृद्धि करने एवं उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रोत्साहन राशि दिये जाने की जानकारी दी गयी। श्री कुलदीप शर्मा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रदेश के हाथकरघा उद्योग बदलते हुए आधुनिक परिवेश में भी सभी प्रकार के प्रतिस्पर्धाओं के बावजूद अपनी पहचान बनाने में सफल रहा है। हाथकरघा बुनकर संघ को शासकीय आपूर्ति हेतु निर्मित वस्त्रों के उत्पादन के अतिरिक्त आधुनिक बाजार की प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए बुनकरों को आधुनिक परिवेश के अनुरूप और अधिक कौशल संपन्न बनाये जाने की दिशा में पहल किये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। हाथकरघा संघ के गतिविधियों के बारे में जानकारी श्री एम.एम. जोशी सचिव के द्वारा दिया गया एवं मंच का संचालन श्री गोविन्द देवांगन बिकी प्रबंधक के द्वारा किया गया। वार्षिक आमसभा में राज्य हाथकरघा बुनकर संघ के वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के वित्तीय पत्रक तथा वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अनुमानित बजट का अनुमोदन किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राशि रूपये 269.18 करोड़ अनुमानित बजट रखा गया है। छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा संघ के वस्त्र उत्पादन एवं विभिन्न विभागों से मांग आदेश के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी।

## शोक सभा

1 मार्च 2025, शनिवार



**श्री प्रभुदयाल जी काला**

पंचायत के सदस्य श्री दिनेश कुमार जी काला के पिता

**श्री प्रभु दयाल जी काला**

का स्वर्गवास 23/02/2025 को जशपुर में हो गया था।

जिनकी शोक सभा रायपुर में दिनांक 01/03/2025, शनिवार को स्वाध्याय भवन, दिगम्बर जैन मंदिर, फाफाडीह, रायपुर में रखा गया है।

**शोक सभा कार्यक्रम**

01 मार्च 2025, शनिवार

प्रातः 10 बजे शोक सभा

स्थान : स्वाध्याय भवन, दिगम्बर जैन मंदिर, फाफाडीह, रायपुर

शोकाकुल : झुमरमल काला (भाई)
संजय, राजेश, दिनेश, निलेश (पुत्र),
प्रतीक, रम्यंक (पौत्र)
एवं समस्त काला परिवार, रायपुर - जशपुर
मोबा.: 7694028081 (दिनेश काला)

# मंडल रेल प्रबंधक दयानंद की अध्यक्षता में मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

### रायपुर रेल मंडल में मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री, समिति (डीआरयूसीसी) की बैठक सम्पन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर रेलवे मंडल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डीआरयूसीसी) की बैठक मंडल रेल प्रबंधक दयानंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में विधायक रायपुर-पश्चिम राजेश मूणत एवं डीआरयूसीसी सदस्यों सहित वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी, एवं रायपुर मंडल के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हुए।

इस बैठक में सर्वप्रथम समिति के सचिव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने सभी सदस्यों का स्वागत परिचय कराते हुए डीआरयूसीसी मीटिंग के महत्व के बारे में बताया। डीआरयूसीसी मीटिंग रेल प्रशासन एवं यात्रियों के मध्य सेतु का काम करने वाले सदस्यों की समिति है। जिसमें वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रो से 17 सदस्य नामित है, जिसमें विधायक राजेश मूणत सहित 14 सदस्य उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, महादेव घाट व्यापारिक कल्याण एसोसिएशन, उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ रेल उपभोक्ता परिषद रायपुर, प्रगतिशील रेल कल्याण एवं विकास समिति, ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोटक्शन ऑर्गेनाइजेशन, अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद रायपुर, लोकसभा सांसद रायपुर, कांकेर, महासमुंद, बस्तर के प्रतिनिधि माननीय राज्य सभा सांसद के प्रतिनिधि सदस्य के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रेल उपयोगकर्ता की समस्याओं एवं यात्री सुविधाओं एवं यात्री सुविधा विकास एवं परियोजनाओं से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श कर बैठक में लिए गए निर्णय को यथासंभव कार्यान्वित करना है, रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाओं इन सुविधाओं के विकास एवं नई सुविधाओं के बारे में यात्रियों के हितों से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि रायपुर मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति द्वारा समय समय पर प्राप्त होने वाले सुझावों अति महत्वपूर्ण है जिसके कारण गुणवत्ता में सुधार होता है। रायपुर रेल मंडल के सभी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में लगातार विस्तार हुआ है रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर में प्रगतिशील गति से अमृत भारत स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है रायपुर से ट्रेनों का परिचालन बढ़े इसके लिए इस और प्रयास किये जा रहे है, इंफ्रास्ट्रक्र के नए प्रस्तावों का अध्यन किया जा रहा है यात्रियों की आवश्यकता के अनुसार रायपुर मंडल में सभी सुविधाओं को उपलब्ध करा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने सभी सदस्यों को बहुमूल्य सुझावों के लिए आभार प्रकट करते हुए इस बैठक में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया। आप सभी अपने बहुमूल्य सुझाव हमारी टीम को देते रहे उन पर अध्यन कर शीघ्रता से अमल किया जाएगा, जोन स्तर के निर्णयों के लिए उन्हें वहां प्रेषित किया जाएगा।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज



पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354